राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 आईसीसी टीम टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा सहित 6 भारतीय ...

विराट-रोहित की रिटायरमेंट पर भावुक हुए पाकिस्तानी फैन ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 81 | पटना, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि बने सेना के उप प्रमुख, पदभार संभाला

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को सेना उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोमवार को पदभार भी ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह 16 माह तक लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे। जनरल ऑफिसर को दिसंबर, 1985 में गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया था। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक किया है। वे संयुक्त सेवा कमांड स्टाफ कॉलेज, ब्रैकनेल (यूके) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। उनके पास किंग्स कॉलेज लंदन से मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एमफिल की डिग्री है।

### राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार का विजन पत्र होता है: खड़गे

नई दिल्ली। राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार का विजन पत्र होता है, लेकिन इसमें ऐसा कुछ नहीं है। श्री खडगे ने सदन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने संबोधन में कहा कि पिछले 10 वर्षों में सर्वव्यापी मुद्दों को नजरअंदाज किया गया है और इस बार नारा दिया गया अबकी बार 400 पार। संविधान बदलने की बात की जाने लगी, तब इंडिया समूह ने संविधान बचाने की मुहिम शुरू की। संविधान रहेगा तभी लोकतंत्र भी रहेगा और चुनाव भी होगा। लोगों ने विशेषकर गरीब, युवा और महिलाओं ने यह महसूस किया कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है, तभी 400 पार नहीं 200 पार पर रोक दिया। उन्होंने कहा कि संसद परिसर में विभिन्न स्थलों पर महापुरूषों की प्रतिमाएं लगायी गयी थी, जिन्हें अब एक ही कोने में लगा दिया गया है। इन प्रतिमाओं को संसद परिसर में लगाने की परंपरा रही है और उसके लिए समिति तय करती थी कि कौन सी प्रतिमा कहां लगेगी, इसलिए निवेदन है कि उन सभी प्रतिमाओं को पुरानी जगहों पर लगाया जाये। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें प्रेरणा स्थल के उद्घाटन का निमंत्रण दिया गया था और उन्होंने उसका अनावरण किया है। वहां सभी सदस्यों को जाकर देखना चाहिए। सभी प्रतिमाएं एक ही स्थल पर लगी हुयी है।

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

# राहुल बोलें - भाजपा के लोग हिंसा की बातें करते हैं ये हिंदू नहीं हो सकते, सत्ता पक्ष ने जताया विरोध

## हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता : नेता प्रतिपक्ष



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि ये लोग हिंदू नहीं हैं, जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अल्पसंख्यकों, मुसलमानों, सिखों एवं ईसाइयों को डराते हैं, उन हमला करते हैं और उनके खिलाफ नफरत फैलाते हैं, लेकिन अल्पसंख्यक इस देश के साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़ा रहा है और उन्होंने अलग अलग क्षेत्रों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। कांग्रेस नेता के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भाजपा के कुछ अन्य नेताओं ने अलग अलग बिंदुओं को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तथा नेता प्रतिपक्ष पर सदन को गुमराह करने एवं गलत बयानी का आरोप लगाया।

**भगवान शिव कहते हैं- डरो मत, डराओ मत :** सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक के बीच राहुल गांधी ने कहा, ये अहिंसा का देश है, ये डर का देश नहीं है। भगवान शिव कहते हैं- डरो मत, डराओ मत। वे अहिंसा की बात करते हैं। जो अपने आप को हिंदू कहते हैं कि वो 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं, नफरत की बात करते हैं। आप (भाजपा) हिंदू हो नहीं। उनका कहना था, हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ के खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए, सत्य से नहीं डरना चाहिए। अहिंसा हमारा प्रतीक है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल से कहा, आप नेता प्रतिपक्ष हैं। इसका ध्यान रखें कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे। सदन में भारी शोर-शराबे के बीच राहुल गांधी ने अयोध्या में भाजपा की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने भाजपा को एक संदेश दिया है। उन्होंने अयोध्या (फैजाबाद) से सपा सांसद अवधेश प्रसाद के साथ अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए दावा किया, नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या से चुनाव लड़ने के लिए दो बार सर्वे करवाया। सर्वे करने वालों ने साफ कह दिया कि अयोध्या से चुनाव मत लड़िएगा, अयोध्या की जनता हरा देगी। इसलिए नरेन्द्र मोदी वाराणसी गए और वहां भी बचकर निकले।

**सरकार ने पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया :** राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इस सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है।

उनका कहना था कि अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा तथा उन्हें लगता है कि इसे अमीर परिवारों के छात्रों की मदद करने के लिए तैयार किया गया है।

**अग्निवीरों की मृत्यु पर सहायता राशि नहीं मिलती :** रक्षा मंत्री बोलें- एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का प्रावधान कांग्रेस नेता ने अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सैनिकों में भेद पैदा कर दिया गया और अग्निवीरो की मृत्यु पर उन्हें शहीद का दर्जा और एक आम सैनिक की तरह उनके परिवारों को पेंशन और सहायता राशि नहीं मिलती। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई और कहा कि नेता विपक्ष सदन में गलतबयानी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का प्रावधान है। राहुल गांधी ने कहा कि सेना और अग्निवीरों को सब पता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अग्निपथ योजना सेना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिमाग की उपज है।

### देश ने मिलकर संविधान की रक्षा की

उन्होंने लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा, देश ने मिलकर संविधान की रक्षा की है। अच्छा लग रहा है कि भाजपा के लोग अब संविधान संविधान बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में संविधान और भारत की अवधारणा पर सुनियोजित ढंग से हमला किया गया है। संविधान और भाजपा के विचारों का विरोध करने वाले करोड़ों लोगों पर हमला किया गया है। कई लोगों पर निजी तौर पर हमला किया गया। कई नेताओं को जेल में डाला गया। हमारे एक नेता अभी जेल से बाहर आए और एक नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा, मुझ पर हमला किया गया। सरकार, प्रधानमंत्री के आदेश पर मेरे खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज किए गए, दो साल की सजा दी गई। मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की गई। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भाजपा और आरएसएस को बताना चाहता हूं कि हमने किन विचारों का उपयोग भारत की अवधारणा की रक्षा करने के लिए किया है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के एक साक्षात्कार के एक अंश का हवाला देते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि मैं बॉयोलॉजिकल नहीं हूं, भगवान के साथ मेरा सीधा संपर्क है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नोटबंदी और गलत ढंग से लागू की गई जीएसटी के कारण रोजगार सृजन की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी गई। राहुल गांधी ने भाषण के अंत में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की कई बातें तथ्यात्मक और सत्य नहीं है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि इन बातों का सत्यापन किया जाए। बिरला ने कहा कि सत्यापन किया जाएगा।

# हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय : पीएम

## लोकसभा में राहुल गांधी के बयान पर प्रधानमंत्री ने जताई आपत्ति, किया हस्तक्षेप



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि ये लोग हिंदू नहीं हैं, जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल से कहा, आप नेता प्रतिपक्ष हैं। इसका ध्यान रखें कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू को कहते हैं, क्या वो सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, आपातकाल में पूरे देश को भयभीत किया गया। आपातकाल के समय वैचारिक आतंक था। दिल्ली में हजारों सिख भाइयों का कत्लेआम उनके (कांग्रेस) शासनकाल में हुआ।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एमएसपी को लेकर श्री गांधी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह गलत बोल रहे हैं। किसानों को एमएसपी दिया जा रहा है जबकि श्री गांधी गलत दावा कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस नेता के अग्निपथ योजना से जुड़े आरोपों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई और कहा कि नेता विपक्ष सदन में गलतबयानी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का प्रावधान है।

### राहुल गांधी ने दिया गैर जिम्मेदाराना बयान : अश्विनी वैष्णव

- बोलें- नेता प्रतिपक्ष ने हिंदू समाज का किया घोर अपमान
- हिंदुओं को हिंसक बताना, ये नेता विपक्ष को शोभा नहीं देतागरीब वर्गों को मुफ्त में कनेक्शन दे रही है



प्रात : किरण

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पहले संबोधन को लेकर सियासी बवाल शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को लोकसभा में अपनी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला किया और कहा कि राहुल ने पहली बार विपक्ष के नेता का पद संभाला है। बहुत ही गैरजिम्मेदाराना बयान दिया जिससे राजनीति का स्तर गिर गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के पद को गिरा दिया है, जिसे कभी बड़े नेता संभालते थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राहुल गांधी ने कई गैर जिम्मेदाराना बयान दिए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताना, ये नेता विपक्ष को शोभा नहीं देता। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राहुल गांधी ने अग्निवीर मुद्दा, अयोध्या भूमि अधिग्रहण मुआवजे पर लोकसभा को गुमराह किया। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने हिंदुओं का घोर अपमान किया है ; पी चिदंबरम, सुशील शिंदे ने गृह मंत्री रहने के दौरान हिंदू आतंक शब्द का उल्लेख किया था। राहुल पर हमला करते हुए वैष्णव ने दावा किया कि उन्होंने कहा कि अग्निवीर में शहीदों को कोई मुआवजा नहीं दिया जाता है, इससे बड़ा झूठ कोई नहीं हो सकता। आज रक्षामंत्री जी ने सदन में ही स्पष्ट रूप से कहा कि अग्निवीर में शहीदों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा मिलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सेना पर सवाल उठाए हैं और देश को भ्रमित करने का काम किया है, ये पहली बार नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि संवैधानिक व्यवस्थाओं को कमजोर करना, कांग्रेस का ये हमेशा चरित्र रहा है। राहुल गांधी ने आज संवैधानिक पद का बहुत बड़ा अपमान किया है। भाजपा नेता ने कहा कि अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी ने गुमराह किया. राज्य सरकार ने मुआवजे को लेकर आंकड़े दिये हैं। उन्होंने कहा कि 4215 प्रभावित दुकानदारों को 1253 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसके अलावा जनसहयोग से स्थानांतरण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी ने संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक बताया है, असत्यवादी बताया है, उन्होंने हिंदू समाज का घोर अपमान किया है। ये भी पहली बार नहीं है, ये कांग्रेस की पुरानी पद्धति है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने आज संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहा है। उन्होंने जो आज बोला है, वो कांग्रेस की फितरत बन चुकी है। वहीं किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी जब नेता विपक्ष हुए तो हम सोच रहे थे कि उनके आचरण में कुछ सकारात्मक बदलाव होगा, ऐसा हम उम्मीद कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं देखने को मिला। आज जब उन्होंने अपनी बात रखनी शुरू की तो गरिमाहीन बातें कर रहे थे। इससे हमें काफी पीड़ा हुई।

# आसन के पास माइक का कोई नियंत्रण नहीं होता: बिरला

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि कई सदस्य सदन से बाहर जाकर आरोप लगाते हैं कि अध्यक्ष या आसन पर बैठे सभापति उनका माइक बंद कर देते हैं जबकि आसन के पास माइक का कोई नियंत्रण नहीं होता और सभी सभापति इसी तरह सदन चलाते हैं। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब ह्यनीटह्ल के विषय पर अपनी बात रखना चाह रहे थे, तो बीच में ही उनका माइक बंद कर दिया गया।

बिरला ने कहा, यहां कई सदस्य मुझसे वरिष्ठ हैं। सब जानते हैं कि यह व्यवस्था है कि आसन से जिसका नाम पुकारा जाता है वह बोलता है। आसन के पास कोई रिमोट कंट्रोल नहीं होता। सभी दलों के सभापति तालिका के सदस्य इसी तरह सदन चलाते हैं। यह परंपरा रही है। मुझे आशा है कि सदस्य अब इस तरह का आक्षेप नहीं लगाएंगे। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सुरेश को संबोधित करते हुए कहा, यह आसन के लिए गरिमा का विषय है। कम से कम इस आसन पर बैठने वाले लोगों को इस तरह की आपत्ति नहीं उठानी चाहिए। सुरेश जी इस आसन पर बैठते हैं। वह बताएं कि क्या आसन के पास माइक का नियंत्रण होता है। राहुल गांधी ने सोमवार को भी सदन में नीट परीक्षा में कथित अनियमितता के विषय पर चर्चा कराने की मांग करते हुए कहा, ह्यह्यहम चाहते थे कि नीट पर एक दिन की चर्चा हो। पिछले सात साल में 70 बार प्रश्नपत्र लीक हुए हैं।

### विपक्ष ने लोकसभा में की नीट पर चर्चा की मांग

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने कथित नीट में हुई अनियमितताओं पर एक दिन चर्चा की मांग की लेकिन लोकसभा अध्यक्ष की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिलने पर विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गये। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत होने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने माइक बंद किए जाने के लगाए गए आरोपों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बाहर जाकर यह आरोप लगाया जाता है कि माइक बंद कर दिया जाता है। यह सही नहीं है। आसन पर सभी दल के सांसद बैठते हैं और सभी जानते हैं कि इस आसन से जिनका नाम बोलने के लिए पुकारा जाता है, उनका ही माइक ऑन होता है। अध्यक्ष की कुर्सी पर माइक बंद करने का नियंत्रण नहीं होता इसलिए यह आक्षेप लगाना सही नहीं है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट पर अलग से एक दिन चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि नीट पर एक दिन सदन में अलग से चर्चा हो।

### नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री ने की प्रेस वार्ता, दी जानकारी

# नए कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज होने पर तीन साल के भीतर न्याय मिलेगा: शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी मामलों में न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिलेगा। शाह ने नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होगी।

भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा, नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें ह्यजीरो एफआईआरह्ल, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि नए कानून न्याय प्रदान करने को प्राथमिकता देंगे, जबकि औपनिवेशिक काल के कानूनों में दंडात्मक कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाती थी।

### राहुल गांधी ने किया हिंदुओं का अपमान, मांगे माफी : सम्राट

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष के तौर पर संसद में दिए राहुल गांधी के भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी हिंदुओं को हिंसक और नफरती बता कर उन्होंने सम्पूर्ण हिन्दू समाज का अपमान किया है। श्री चौधरी ने कहा कि सनातन व हिंदुओं को गाली देना, हिंदुओं को हिंसक, आतंकवादी बताना राहुल की पुरानी फितरत रही है। दरअसल राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार है। ऐसे मानसिक रोगियों का कोई इलाज नहीं है। राहुल गांधी पूरी तरह से बीमार हो गए हैं। जैसी बातें उन्होंने संसद में कही है वह कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की कहेगा। उन्होंने कहा कि संसद के पहले सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने बचकानी भाषण देकर संसद और नेता प्रतिपक्ष की गरिमा को भी गर्त में गिराया है। कभी प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारना, कभी हिंदू युवकों को मंदिरों में लड़की छेड़ने वाला बताने वाले राहुल गम्भीर रूप से मानसिक बीमार है। कोट के ऊपर जनेऊ पहनने से राहुल गांधी हिंदुओं के ठेकेदार नहीं हो जाएंगे। उन्हें हिंदुओं को अपमानित करने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## संबोधन

### राष्ट्रपति ने आईएएस के 2022 बैच के अधिकारियों के एक समूह को किया संबोधित

# विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक : राष्ट्रपति

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2022 बैच के अधिकारियों के एक समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा को एक स्वप्निल करियर (ड्रीम जॉब) माना जाता है।

उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से केवल आपको ही इस प्रतिष्ठित सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और कार्यकुशलता से अपनी छाप छोड़ें। राष्ट्रपति ने कहा कि इस उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। जब तक आप किसी भी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, तब तक लोगों की जरूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होंगी। इसलिए आपको ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं।

राष्ट्रपति ने कहा कि बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने, समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधाप्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी। आपकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि आप सभी को साथ लेकर कैसे जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन प्रदान कर पाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशासक के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। उन्होंने लोगों को सुलभता, पारदर्शिता और विश्वास निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों को आत्म-प्रचार के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें नैतिकता से जुड़े किसी भी समझौते से निपटने के लिए शुरू से ही सतर्क और सक्रिय रहना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने के साथ-साथ अधिकारी अपने निजी आचरण में ईमानदारी, धार्मिकता और स्थिरता को भी बढ़ावा देंगे।

# मानहानि मामला: अदालत ने मेधा पाटकर को पांच महीने जेल की सुनायी सजा

प्रात : किरण



नई दिल्ल/एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के एक मामले में पांच महीने के साधारण कारावास की सोमवार को सजा सुनायी। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने उनके खिलाफ उस वक्त दायर किया था जब वह (सक्सेना) गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अदालत ने पाटकर को यह सजा अपने समक्ष मौजूद सबूतों और इस तथ्य पर विचार करने के बाद सुनायी कि मामला दो दशक से अधिक समय तक चला। हालांकि, अदालत ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का मौका देने को लेकर सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। प्रोबेशन पर रिहा करने के पाटकर के अनुरोध को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा, ह्यतथ्योंङ्घ नुकसान, उम्र और बीमारी (आरोपी की) को देखते हुए, मैं अधिक सजा सुनाने के पक्ष में नहीं हूं। इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष तक की साधारण कारावास या जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। गत 24 मई को अदालत ने कहा था कि सक्सेना को देशभक्त नहीं, बल्कि कायर कहने वाला और हवाला लेनदेन में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने संबंधी पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। अदालत ने कहा था कि साथ ही यह आरोप कि शिकायतकर्ता गुजरात के लोगों और उनके संसाधनों को विदेशी हितों के लिए गिरवी रख रहा है, उनकी ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा पर सीधा हमला है। सजा पर अदालत में बहस 30 मई को पूरी हो गई थी, जिसके बाद फैसला 7 जून को सुरक्षित रख लिया गया था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# जटिल प्रसव प्रबंधन में राज्य की स्थिति में हुआ सुधार

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सुविधा

- गर्भवती महिलाएं एनीमिया को लेकर हुईं जागरूक, राज्य में आयरन की गोली की खपत में 300 प्रतिशत की हुई वृद्धि



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार प्रयासरत है. सुरक्षित प्रसव मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में अहम् भूमिका निभाता है. जटिल प्रसव के प्रबंधन से गर्भवती माता और उसके नवजात दोनों की जिंदगी बचायी जा सकती है. सुरक्षित प्रसव के संपादन में प्रसव पूर्व जांच एवं एनीमिया प्रबंधन को सबसे जरुरी माना जाता है. प्रसव पूर्व जांच से गर्भवती महिलाओं की सभी तरह की जांच कर किसी भी जटिलता की पहचान की जाती है और ससमय उसके प्रबंधन में आसानी होती है। एम्स पटना ,एडिशनल प्रोफेसर सह स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. इंदिरा प्रसाद ने बताया कि रक्तअल्पता सुरक्षित प्रसव में एक बड़ा अवरोधक साबित होता है इसलिए गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भकाल के दौरान 180 आयरन की गोली खाने की सलाह दी जाती है. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच एवं आयरन की गोलियों की खपत में सुखद आँकड़े प्रस्तुत किये हैं।

राज्य में आयरन की गोली की खपत में 300 % की हुई वृद्धिः

राज्य की गर्भवती महिलाओं ने गर्भकाल के दौरान रक्तअल्पता के खतरों को समझा है और आंकड़ों में 300 % से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गयी है. स्वास्थ्य विशेषग्य के अनुसार गर्भावस्था के दौरान हर महिला को कम से कम 180 आयरन की गोली का सेवन करना चाहिए ताकि माँ और उसका गर्भस्थ शिशु दोनों स्वस्थ रह सकें. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण झ 4 के आंकड़ों के अनुसार राज्य की 2.3 % महिलाएं गर्भकाल के दौरान 180 आयरन की गोलियों का सेवन करती थी वहीँ राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण झ 5 के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं का प्रतिशत बढ़कर 9.3 हो गया है जो की 300.4 फीसदी अधिक है. जिलों की बात करें तो भागलपुर में 14.4%, बांका में 13.8%, पटना में 13%, बेगुसराय में 11.6% एवं मुंगेर में 11.3% की वृद्धि दर्ज की गयी है.

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सुविधाः

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंड स्तर पर हर महीने के 9 एवं 21 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में महिलाओं की सभी जांच जैसे रक्तचाप, ब्लड शुगर, एनीमिया, वजन आदि की जांच की जाती है और जरुरी दवा एवं सलाह दी जाती है. जटिल समस्यां वाली महिलाओं को रेफर किया जाता है ताकि उनका समुचित प्रबंधन किया जा सके. सभी महिलाओं को अस्पताल अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही प्रसव कराने की सलाह दी जाती है।

# प्रो. पीसी महालनोविस को देश के सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए योगदानों को लेकर किया याद




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) भारत सरकार, पटना द्वारा प्रो0 पी. सी. महालनोविस के देश के सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए योगदानों को स्मरण करते हुए ह्यराष्ट्रीय सांख्यिकी दिवसह्न मनाया गया। वर्ष 2024 का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर थीम है- ह्यूज ऑफ डाटा इन डीसीजन मेकिंगह्न है। कार्यक्रम रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

मौके पर उप महानिदेशक ने प्रो0 महालनोविस के द्वारा दिए गए महालनोविस मॉडल पर विस्तृत चर्चा की और बताया कि इस मॉडल ने द्वितीय पंचवर्षीय योजना 1956-61 ने अर्थव्यवस्था को एक नया मोड़ दिया। औद्योगिकरण के क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना संभव हो सका। अतिथि वक्ता ए.एन.सिन्हा सामाजिक संस्थान के प्रो0 राकेश तिवारी एवं बी.एस.कॉलेज, दानापुर के प्रो0 रीता कुमारी ने ह्यूज ऑफ डाटा इन डीसीजन मेकिंगह्न के संदर्भ में बताया कि मार्केट ट्रेंड एवं आर्थिक नीति निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डाटा की बहुलता के कारण ही समूचित नीतियाँ बन रही है। आर्केड बिजनेस कॉलेज के प्रो0 श्रीमती रश्मि गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया। स्वागत भाषण कार्यालय के उपनिदेशक, परिमल ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक, अभिषेक गौरव ने दिया।

मंच संचालन प्रियंका कुमारी, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने की। इस अवसर पर कॉलेज के आमंत्रित छात्रों/छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को उपमहानिदेशक रोशन लाल साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर डे पर डॉक्टर्स सम्मानित

फतुहा। सोमवार को शहर में कल्याणपुर स्थित विनायक डेंटल के सौजन्य से डॉक्टर डे पर फतुहा के डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इस संबंध में विनायक डेंटल के संस्थापक डॉ राजीव कुमार ने बताया कि यह गौरव की बात है कि हम सभी डॉक्टर्स एक जगह पर मिले और अपने- अपने अनुभवों को साझा किया। इस तरह का आयोजन फतुहा में पहली बार किया जा रहा है। मौके पर डा0 वृजमोहन प्रसाद, डा0 शोभा राय, डा0 सरोज कुमार, डा0 गोपाल शरण मिश्रा, डॉ लालबाबू, डॉ एके गोस्वामी एवं अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

### नए आपराधिक कानून को लेकर हुई बैठक



फतुहा। सोमवार को थाना परिसर में देश में एक जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानून को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए डीएसपी1 निखिल कुमार ने कहा कि नये कानून से आमजनों को त्वरित इंसाफ मिलेगा। खासकर बच्चों और महिलाओं के लिए यह कानून काफी उपयोगी साबित होगा। आज के बैठक का मूल उद्देश्य आम जनों को नए कानून के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। वहीं थानाध्यक्ष रूपक कुमार अम्बुज ने कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानून को लेकर सभी को जागरूक करने के लिए आप सभी की भागीदारी जरूरी है। इस दौरान मौके पर फतुहा डीएसपी1 निखिल कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, पार्षद दीपक कुमार, पार्षद अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी, पार्षद अवधेश यादव, पार्षद जितेन्द्र सिंह, श्यामनंदन यादव तथा जीविका दीदी की कई सदस्यों सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

### नए कानून के विरोध में भाकपा-माले ने निकाला राजव्यापी विरोध मार्च

फतुहा। सोमवार को एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानून के विरोध में भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी विरोध मार्च निकाला। यह विरोध मार्च प्रखंड मुख्यालय से निकलकर फतुहा चौराहा होते हुए महारानी चौक तक गया जो वापस कार्यालय में आकर सभा में तब्दील हो गया। इस पर प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि औपनिवेशिक काल के कानून से भी ज्यादा दमनकारी नए अपराध कानून के कायाकल्प पर रोक लगाया जाए और मोदी सरकार के नए क्रिमिनल कोर्ट नागरिक स्वतंत्रता और अधिकारों का हनन करके सरकारी दमन बढ़ाने का औजार है। इस पर रोक लगाया जाए। भाकपा माले के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने इस काले कानून के तहत गरीबों को आंदोलन करना, गरीबों को अनशन करना यह अपराध के श्रेणी में रखा गया। ऐसे काले कानून को भाकपा माले विरोध करता है और तमाम जनता इसका विरोध करता है। इस विरोध मार्च में कामरेड रविंद्र यादव, पंकज यादव, जयराम दास, सुदामा दास, भोला रविदास, राम प्रवेश रविदास, मुन्ना पंडि

### नालंदा मेडिकल कॉलेज में प्राचार्या ने किया पौधारोपण

पटना सिटी (प्राकि)। नालंदा मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित एसबीआई शाखा के 69वें बैंक डे पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्राचार्या प्रोडॉ उषा कुमारी, ट्यूटर्स एवं कर्मचारियों ने मिलकर पौधारोपण किया। एसबीआई की एनएमसीएच शाखा के प्रबंधक को इस कार्य के लिए धन्यवाद किया। प्राचार्या प्रोडॉ उषा कुमारी, प्रोडॉ रश्मि प्रसाद, प्रोडॉ राजीव रंजन, प्रोडॉ सुनील कुमार, प्रोडॉ रीता कुमारी, प्रोडॉ राधा रमण सिंह, प्रोडॉ पीड़ी वर्मा, प्रोडॉ संजय कुमार, डॉ जेबा आलम, डॉ शिल्पी रंजन एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### हिंदुओं को हिंसक कह उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ : प्रदीप काश

पटना सिटी,भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहे जाने के बयान की तीव्र निंदा की है। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने कहा कि जिस कांग्रेस ने देश का विभाजन करवाया। देश में आपात काल घोषित कर संविधान की धज्जियां उड़ाईं, 1984 में सिखों की हत्या करवाई, अनेक बार अध्यादेश जारी कर संविधान संशोधन किया। यह लोग सहनशील हिंदुओं को हिंसक कह कर देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष को इस कथन के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# मठ के महंत पर हुई फायरिंग में आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क जाम किया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत पिछले दिनों सरारी गुमटी के पास सतलोक आश्रम मठ के महंत पर हुई फायरिंग में आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क जाम किया गया। सड़क जाम कर रहे महंत के समर्थकों ने कहा कि 26 जून को महंत शशि भूषण दास पर फायरिंग की गई थी। घटना में नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस अभी तक उन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। जबकि वे लोग सरेआम घुम रहे हैं। सोमवार को दोपहर में हुई सड़क जाम करीब डेढ़ घंटे तक रही। गुमटी के पास हुई जाम से दोनों दिशाओं में गाड़ियों की कतारें लग गई। सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर कर जाम हटवाया। बता दें कि 26 जून को आश्रम के महंत शशि भूषण दास अपने भाई रवि भूषण दास के साथ आश्रम में थे। महंत को निशाना बनाते और धमकी देते हुए फायरिंग की गई थी। उक्त मामले में महंत ने पाटलिपुत्रा निवासी रेलवे ठेकेदार सौरव गुप्ता समेत अन्य को नामजद करते हुए एक मामला दर्ज कराया था। बताया था कि सभी आरोपियों ने जल्द आश्रम खाली करने की चेतावनी दिए थे। महंत ने बताया कि सौरभ पंद्रह दिन पहले भी आश्रम में आकर जान से मारने की धमकी दिया था। बताया कि करीब दस कट्ठे में फैला बहुत ही पुराना आश्रम मठ है। यहां दो पुराने महंत शांति दास,रूपा दास की भी समाधी है।उनके बाद रामचन्द्र दास इस आश्रम का कार्यभार संभाले थे। बताया जाता है कि स्व. परमेश्वर गुप्ता का ठेकेदार पुत्र सौरव गुप्ता का पुस्तैनी घर सरारी गांव में ही है। आश्रम की जमीन को अपना पुस्तैनी बताकर हक जमा रहे है।

# डॉक्टर्स डे पर स्कूली बच्चों के साथ प्राचार्य ने नामचीन चिकित्सकों को किया सम्मानित

## धरती पर दूजे भगवान है चिकित्सक, इनकी सेवा अनमोल : उदय

प्रात :किरण संवाददाता



बिहटा । राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर सोमवार को बिहटा पब्लिक स्कूल किशुनपुर के प्राचार्य डॉ उदय कुमार ने स्कूली बच्चों व शिक्षकों के साथ क्षेत्रीय कई नामचीन चिकित्सकों को सम्मानित किया। मौके पर बिहटा में कई दशकों से अपनी सेवा दे रहे जाने माने चिकित्सक डॉ ललित मोहन शर्मा को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ उदय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ ललित बाबू बिहटा के लिए धरोहर है।इन्होने जिन दिनों में बिहटा में अपनी सेवा देनी शुरू की थी उस समय ईलाज के लिए में किसी प्रखंड क्षेत्र में शायद ही डॉक्टर होते थे। दिन हो या रात किसी भी समय उनके क्लिनिक पहुंचने वाले लोगों को समुचित ईलाज का लाभ मिला है।इनकी सेवा अनमोल है। सम्मान के इस कार्यक्रम के तहत बच्चों के नामचीन चिकित्सक डॉ एच एन ठाकुर, बिक्रम के चिकित्सक डॉ मृत्युंजय कुमार द्विवेदी, रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार सहित कई अन्य चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए उदय कुमार सिंह ने कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है।सभी चिकित्सकों का योगदान बिहटा को सजाने संवारने में रहा है। प्राचार्य ने कहा कि इनके यहां होने से हमें शुकुन का एहसास होता रहा है, किसी भी विषम परिस्थिति में हमें इनके होने का बड़ा लाभ मिला है। मौके पर प्रधान शिक्षिका अंजु कुमारी, छात्रा दर्शना, अदिति, राधा आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केन्द्र मे आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक की गई

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे आयोजित रोगी कल्याण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड विकास प ादाधिकारी विभेष आनंद ने कहा कि समयपर चिकित्सक व कर्मी उपस्थित रहे और आने वाले मरीजो को समुचित सुविधा प्रदान करे उन्होने प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के अंतर्गत आने वाले केन्द्रो पर भी समय से एनएम पहुंचे। अन्यथा उन पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अस्पताल की व्यवस्था, दवा उठाव व वितरण, चिकित्सको व कर्मियो की समय से उपस्थिति समेत अन्य मुद्दो पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रभारी चिकित्सक डॉ अनुपमा सिन्हा ने कहा कि रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया। साथ ही आवश्यक बिंदूओ पर विचार विमर्श किया गया।

# कार व ऑटो में भिड़ंत, चालक की मौत



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुकुलपुर में तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दिया। इस घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई। वहीं दो यात्री मामूली तौर पर जख्मी हो गए। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। लोगों नेसड़क पर आगजनी कर यातायात कोबाधित कर दिया। वहीं आटो में टक्कर मारने के बाद चालक भी कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और वह अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गढ्ढे में पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे में कार में सवार दो महिला जख्मी हुई है। हालांकि घटना के बाद कार का चालक वाहन छोड़ कर भागने में सफल रहा। जख्मी महिला का भी कुछ पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुकुलपुर का रहने वाला सुभाष सिंह यादव के रूप में हुई है। नागरिकों की ओर से हंगामा किए जाने की सूचना मिलते ही मौके पर दीदारगंज और फतुहा थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर मामले को शांत कराया गया। नेशनल हाइवे के दोनों लेन को ग्रामीणों की ओर से जाम किए जाने के कारण करीब एक घंटे से अधिक समय तक वाहनों का परिचालन प्रभावित हुआ। इससे जाम की स्थिति बनी रही। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने समझा-बुझा कर मामले को शांत कराया और सड़क जाम हटवाने का काम किया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# बैठक में लोगों को पारित नये तीन कानून के बारे में जानकारी दी गई



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर थाना में एएसपी सुश्री दीक्षा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में लोगो को पारित नये तीन कानून के बारे में जानकारी दी गयी। एएसपी ने कहा कि लोगो के हित को ध्यान में रखते हुए तीन नये कानून बने है। जिसमें नये तरिके से काम करना है। लोगो को निष्पक्ष व समय से न्याय मिले इसका ध्यान रखा गया है। इसे सख्ती से पालन किया जायेगा। उन्होने लोगो से सहयोग की अपील की। बैठक में गणमान्य लोग समेत डीएसपी, अपर थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा समेत पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। उधर खगौल थाना में अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में बैठक कर नए पारित कानून व उसके निर्देश पुरी शक्ति से पालन किया जाएगा। उन्होने कहा कि 1 जुलाई 2024 से देश भर में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गये। इस मौके पर दारोगा सुभाष कुमार, दुर्गा श्री सिन्हा, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, नीतीश कुमार, सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक के के झा, उमा गुप्ता, संगीता सिन्हा, आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, बरखा कुमारी, खुशबू कुमारी, धनंजय कुमार, पार्षद महेंद्र कुमार सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स आशुतोष कुमार श्रीवास्तव समेत गण्यमान लोग उपस्थित थे।

# सीमांचल एक्सप्रेस पर पत्थर बाजी करने के मामले का उद्भेदन कर तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर नगर के अंतर्गत रेल पुलिस ने तीन दिन पूर्व सदिसोपुर व नेउरा के बीच गाड़ी संख्या 12488 सीमांचल एक्सप्रेस पर पत्थर बाजी करने के मामले का उद्भेदन कर लिया। रेल पुलिस ने घटना में शामिल तीन अपराधकर्मियो को धड़ दबोचा। उनके पास से तीन मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तार लोगो में नेउरा कुम्हारटोली निवासी ओम प्रकाश चौहान व शिवमंगल कुमार एवं नेउरा बाजार निवासी दुखन चौरसिया शामिल है। तीनो को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वही घटना में शामिल अन्य के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में जुटी। रेल एसपी अमलेन्दू शेखर ठाकुर ने बताया कि विगत 28 जून को सदिसोपुर-नेउरा के बीच एसीपी कर अज्ञात लोगों ने सीमांचल एक्सप्रेस पर पथरवाजी की थी। जिसमें गाड़ी का शीशा टूट गया तथा यात्रियों को कुछ चोटे भी आयी एवं पेन्टरीकार के मैनेजर का बैग ले लिया जिसमें एक लाख रूप्ये थे। इसके साथ ही दो वेंडर का मोबाइल ले भागे थे। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए रेल पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। छानबीन करते हुए टीम ने घटना में शामिल अपराधियो को पहचान करते हुए कार्रवाइे तेज कर दी। इस क्रम में छापेमारी करते हुए घटना में शामिल नेउरा के कुम्हारटोली निवासी ओम प्रकाश चौहान, शिवमंगल कुमार एवं नेउरा बाजार निवासी दुखन चौरसिया गिरफ्तार किया गया। पूर्व में भी शराब मामले में सभी जेल जा चुके है। टीम में रेल पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार, रेल थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, सिंह आरपीएफ के पुलिस निरीक्षक वेकटेश कुमार समेत पुलिस कर्मी शामिल थे। उन्होने बताया कि जल्दी ही घटना में शामिल अन्य अपराधियो को पहचान करते हुए गिरफ्तार किया जायेगा।

# महामारी के दौरान डॉ करते हैं जान जोखिम में डाल कर देखभाल : मंगल पांडेय

## एनएमसीएच के 35 वरीय चिकित्सकों को रोटरी सिटी सम्राट ने किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




जब जब देश दुनिया में किसी प्रकार की महामारी आती है, तो यही डॉक्टर अपनी जान जोखिम में डाल कर उसे महामारी का सामना करने के लिए तैयार हो जाते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हम सबों ने कोरोना काल के विषम परिस्थिति में खुली आंखों से देखा है। डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर कोरोना महामारी का सामना करने के लिए तैयार रहे। आने वाले समय में भी चिकित्सक मरीजों की देखभाल और ईलाज ईमानदारी के साथ करेंगे, यह उन्हें दृढ़ विश्वास है। यह बात बिहार सरकार के स्वास्थ्य और कृषि मंत्री डॉ मंगल पांडेय ने रोटरी क्लब ऑफ सिटी सम्राट के द्वारा आयोजित डॉक्टर सम्मान समारोह के दौरान सोमवार को कही। इसका आयोजन एनएमसीएच परिसर के सभागार में किया गया था। दरअसल भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाने की परंपरा देश के महान चिकित्सक भारत रत्न डॉ विधान चंद्र राय की याद में मनाने की परंपरा 1991 से शुरू हुई। यह इसका 33वां साल है। हमारे समाज में डॉक्टर को धरती के भगवान के रूप में माना जाता है। इसी भाव को लेकर रोटरी पटना सिटी सम्राट की ओर से डॉक्टर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या प्रोडॉ उषा कुमारी एवं एनएमसीएच के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। एनएमसीएच के सुपरिटेंडेंट प्रोडॉ बिनोद कुमार सिंह एवं प्राचार्या प्रोडॉ उषा कुमारी ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। सम्मान समारोह में एनएमसीएच सुपरिटेंडेंट डॉ बिनोद कुमार सिंह, प्रिंसिपल डॉ उषा कुमारी, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ अलका सिंह, आई विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कारक, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार सिंह, मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा, सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ पीडी वर्मा, ज्ञाइनी विभागाध्यक्ष डॉ ममता सिंह, ऑथोर्पेडिक विभागाध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार सिंह, ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र शर्मा, डॉ शिल्पी गोलवारा, डॉ सतीश चंद्रा, डॉ अनिता, डॉ विजय शंकर, डॉ प्रकाश चंद्र झा, डॉ राजेश तिवारी, डॉ शिल्पी, डॉ सचिन, डॉ अभिषेक, डॉ ओजिस्वता, डॉ दीपेश, डॉ सीएस पांडेय, डॉ अतुल कुमार आनंद, डॉ ज्योति आदि चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का संचालन व स्वागत चेयरमैन संजीव कुमार यादव एवं रो संजय सिन्हा ने किया। अध्यक्षीय भाषण रोटरी अध्यक्ष देवराज बल्लभ और धन्यवाद ज्ञापन रोटरी सचिव दिवेश नेवाडिया ने किया। रोटेरियन राम कुमार एवं एजी रो दिनेश बधानी ने मंचतस्थ अतिथियों को आयुर्वेदिक पौधा व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर सभागार में अनेक डॉक्टर, नर्स एवं विभिन्न विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान रो राजीव कुमार, राकेश बिहारी मिश्रा, अनूप कुमार, बीएन कपूर, त्रिभुवन प्रसाद, रुचिता नवाडिया, गोविंद चौधरी, नीरज केसरी आदि मौजूद थे।

# साकेत विहार चित्रगुप्त पूजा समिति की कार्यकारिणी में संगठन की मजबूती पर बल




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री चित्रगुप्त पूजा समिति, साकेत विहार की कार्यकारिणी की विशेष बैठक अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर के प्रांगण में हुई। इसमें समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ आर के सिन्हा एवं अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि जी महाराज के साथ संगत पंगत के संयोजक अरविंद कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। बैठक में समिति के महिला मंच के सभी चुने गए नए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डॉ आरके सिन्हा द्वारा सभी सदस्यों को एकजुट होकर समिति को मजबूत करने की सलाह दी गई। उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, महासचिव आदित्य कुमार, सचिव संजीव कुमार, संयुक्त सचिव विजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव तथा कोषाध्यक्ष सुनील सिन्हा ने संगठन की खूबियों को गिनाया। महिला मंच की अध्यक्ष आभा श्रीवास्तव, डॉ निर्मला सक्सेना, उपाध्यक्ष स्वर्ण लता, नूतन सिन्हा, महासचिव किरण सिन्हा, संगठन सचिव अर्चना वर्मा, संयुक्त सचिव स्वीटी सिन्हा, रंजना वर्मा, शिखा सिन्हा, मंजू वर्मा एवं सुरभि श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे। समिति के कार्यालय सचिव विनोद कुमार, लाला कमल सिन्हा, अकेन्द्र श्रीवास्तव, आभास कुमार, पूजा सिन्हा, मनोकामना सिन्हा तथा पायल सिन्हा का कार्यक्रम में खासा सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ निर्मला सक्सेना ने किया।

# 8 रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत सोमवार को सेवानिवृत्त हुए 18 रेलकर्मियों को दानापुर, सभागार में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया। इसमें रेलसेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित रेलकर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी द्वारा अंगवस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम की शुरूआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को सुरक्षित जगहों पर ही निवेश करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर,होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक के डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीघार्यु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया।इस मौके पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं ई सी आर के यू तथा एससी एसटी एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

# अंधाधुंध फायरिंग में दो की मौत के बाद पुलिस कर रही है कैंप, लोगों में दहशत

## पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचकर किया मुआयना, अपराधी को पकड़ने का दिया आश्वासन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत स्थित त्रिमूर्ति डेयरी कैंपस में संचालित सीएसपी संचालक से लूट के बाद बाइक सवार अपराधियों की अंधाधुंध फायरिंग में उजियारपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर अंधैल निवासी स्वर्गीय योगी राय के पुत्र अजय यादव एवं पछियारी टभका वार्ड 01 जगन्नाथपुर निवासी मंजय सहनी की पत्नी सुशीला देवी की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल से दो खोखा एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज



भी खंगाल रही है। वहीं घटनास्थल पर पुलिस घटना के बाद से लगातार कैंप कर रही है। पटना की जानकारी मिलते ही समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया एवं जल्द से जल्द अपराधी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। वहीं विभूतिपुर थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप एवं रोसड़ा डीएसपी सोनम कुमारी लोगों से पूछताछ एवं अपराधी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। बता दे की रविवार की संध्या अपाचे बाइक पर सवार तीन की संख्या में आए अपराधियों ने त्रिमूर्ति डेयरी कैंपस में संचालित एचडीएफसी फिनो बैंक के सीएसपी संचालक रजनीश कुमार को गन पॉइंट पर लेकर लगभग 40000 एवं सोने का चैन लेकर भाग रहे थे। तभी उक्त महिला ग्राहक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद अपराधियों ने अंधाधुध फायरिंग करते हुए फरार हो गए जिस घटना में डेयरी संचालक चांद सुरारी निवासी अकलू यादव एवं उनके पुत्र सीएसपी संचालक रजनीश कुमार बाल बाल बच गए। लेकिन वही काम कर रहे हैं रजनीश कुमार का ममेरा भाई उजियारपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर अंधैल निवासी योगी राय के पुत्र अजय यादव एवं स्थानीय महिला सुशीला देवी को सीने में गोली लगी और उन दोनों की मौत हो गई। बता दे की चांद सुरारी निवासी अकलू यादव का महम्मदपुर सकड़ा पंचायत में त्रिमूर्ति डेयरी, एचडीएफसी फिनो बैंक का सीएसपी, क्रिकेट क्लब, किराना शॉप एवं आवास एक ही कैंपस में है।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर 12 सलखन्नी में विद्युत के चपेट आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय श्री महतो का पुत्र रमेश महतो 35 वर्ष के रूप में किया गया है। वहीं की जानकारी मिलते ही विभूतिपुर थाना घटना स्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक कागजी प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। वहीं रमेश के मौत के बाद पत्नी रुक्मणी देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। आज तक रमेश महतो का एक पुत्री अनु कुमारी नव वर्ष एवं एक पुत्र रोहन कुमार 6 वर्ष काहै है।

### विभूतिपुर में लोगों को दी गई तीन नए कानून की जानकारी



विभूतिपुर/समस्तीपुर अब किसी भी घटना का एफआईआर के लिये कहीं से भी आवेदन दे सकते हैं। बशर्ते तीन दिनों के अंदर आपको संबंधित थाने में आकर हस्ताक्षर बनना होगा। आज से लागू हुये तीन नई अपराजित कानून आपराधिक कानून के बारे में विभूतिपुर थाना में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि अब भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। नए कानून के तहत ऑडियो वीडियो को भी अब सबूत के तौर पर माना गया है। 7 साल से अधिक सजा के मामले में हर कांड में एफएसएल जांच अनिवार्य कर दिया गया है। मौके पर इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष संगीता कुमारी, पुअनि अरुण कुमार, संजीव कुमार सिंह, प्रियंका आदि थे।

### सर्पदंश से बालक की मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत खोकसाहा वार्ड 04 कापन में सर्पदंश से एक बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण पासवान के पुत्र कृष्ण कुमार 14 वर्ष के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की रात्रि बालक अपने घर में सोया हुआ था। तभी कोई विशैला सांप काट लिया। आनन-फानन में इलाज के लिए विभूतिपुर सीएससी ले जाया गया जहां ड्यूटी पर करना डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के पिता अरुण पासवान घटना की जानकारी लिखित रूप से विभूतिपुर थाना को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुटे हुए थे।

### मार पीट की घटना में दो जख्मी

कल्याणपुर /समस्तीपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी युवक की पहचान गोपालपुर गांव निवासी शत्रुध्न सहनी के पुत्र पंकज कुमार और शंकर दास के पुत्र राजन कुमार के रूप में हुई है।जख्मी युवक को ईलाज हेतु पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने ईलाज के बाद समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी युवक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### थानाध्यक्ष की पहल पर विवाद का किया गया निपटारा

मनीगाछी(दरभंगा)।रास्ते की जमीन को लेकर दो परिवारों के बीच हुए विवाद को मनीगाछी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार की पहल पर समाप्त कर दिया गया है।मामला स्थानीय प्रखंड के चनौर गांव का बताया जाता है।इस संबंध में पीड़ित जागेश्वर यादव द्वारा मनीगाछी थानाध्यक्ष एवं सी ओ को दिए गए आवेदन के अनुसार जागेश्वर यादव एवं रुदल यादव एक ही रास्ते से गुजर कर अपने निजी आवास वर्षो से आ जा रहे थे जिसे रुदल यादव द्वारा बंद कर दिए जाने से जागेश्वर यादव के घर का रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया। जागेश्वर यादव द्वारा इस बात की जानकारी मनीगाछी थानाध्यक्ष को दी गई। जानकारी पाकर घटनास्थल पर पहुंच कर थानाध्यक्ष ने इस मामले को सलटा कर जागेश्वर यादव के आवागमन का रास्ता साफ कर दिया। मनीगाछी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि अब दोनों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं है।

## सड़कों एवं पुल -पुलिया का निर्माण कार्य ससमय मानक के अनुरूप पूरा करें :डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में ग्रामीण सड़कों एवं पुल-पुलिया के निर्माण तथा मरम्मति कार्य का ससमय एवं गुणवतापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में संबंधित विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक की गयी तथा संबंधित अभियंताओं को पूरी जबावदेही से सरकारी मानक एवं गुणवता के अनुरूप कार्य में प्रगति लाते हुए ससमय निष्पादन का निर्देश दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्वी-02 डिवीजन की समीक्षा में पाया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 105 किलोमीटर के 22 रोड स्वीकृत हुए है, जिसमें 21 रोड बनकर पूरा हो गया है। जबकि विगत वर्ष से अब तक मरम्मती कार्य हेतु 34 रोड की स्वीकृति दी गयी, जिसमें से 25 रोड बनकर पूरा हो गया हैं। कार्यपालक अभियंता द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि 150 रोड की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव विभाग में भेजा गया है। जिलाधिकारी ने फॉलोअप कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्वी-01 डिवीजन की समीक्षा में पाया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 08 स्कीम में सभी 08 स्कीम पूर्ण हो गये हैं। साथ ही पिछले वर्ष से अब तक 203 रोड में से 105 रोड बन गया है। जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाते हुए गुणवतापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के पश्चिमी डिवीजन की समीक्षा में पाया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 09 स्कीम में से सभी 09 रोड पूरा हो गये हैं। कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि 61 रोड अभी निविदा के अधीन है। साथ ही 140 पथ का प्रस्ताव विभाग में भेजा गया है। जिलाधिकारी ने उक्त तीनों डिवीजन के कार्यपालक अभियंता को कार्य में प्रगति लाने तथा गुणवतापूर्ण कार्य निष्पादन का निर्देश दिया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 05 आर.ओ.बी. बनना है, जिसमें से 02 आर.ओ.बी. में काम चल रहा है तथा 03 आर.ओ.बी. प्रक्रियाधीन है। मोतीपुर एवं कांटी के मड़वन के आर.ओ.बी. के निर्माण कार्य प्रगति पर है। जबकि गोबरसही, रामदयालु एवं नारायणपुर अनंत के पास आर.ओ.बी. प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी ने कार्य में प्रगति लाने तथा गुणवतापूर्ण कार्य निष्पादन का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, प्रभारी विकास शाखा पदाधिकारी सुश्री जुली कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी श्री नवीन कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के पूवी-01, पूर्वी-02, पश्चिमी के कार्यपालक अभियंतागण, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थें।

## शव के पोस्टमार्टम से आते ही मचा कोहराम



● सीएसपी संचालक से लूट कर भाग रहे अपराधियों की अंधाधुंध फायरिंग में दो की हुई थी मौत

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत में पोस्टमार्टम के बाद मंजय सहनी की पत्नी सुशीला देवी का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। वहीं स्थानीय लोग सांत्वना देने में जुटे हुए थे। मृतिका का अंतिम संस्कार बेगूसराय के अयोध्या घाट में किया गया जहां मुखाग्नि पति मंजय सहनी ने दिया। बता दें कि रविवार की संध्या सुशीला देवी महम्मदपुर सकड़ा पंचायत स्थित त्रिमूर्ति डेयरी कैंपस में संचालित किराना दुकान व सीएसपी केंद्र से पैसा निकालने गई थी। जहां अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लूट के बाद भाग रहे थे। जिस पर महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला को शोर मचाते देख अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग करते हुए फरार हो गया। जिस घटना में सुशीला देवी एवं उजियारपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर अंधैल निवासी स्वर्गीय योगी राय के पुत्र अजय यादव की मौत हो गई थी। मृतका के पति मंजय साहनी आंध्र प्रदेश में रहकर मजदूरी करते हैं। मृतिका दो पुत्र संकेत कुमार 5 वर्ष, अंकित कुमार 3 वर्ष एवं एक पुत्री अनन्या 8 माह की बताई गई है। वहीं पूर्व मुखिया सुशीला देवी घटना की तीव्र निंदा करते हुए जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## नये कानून में ई मेल ओर व्हाट्सएप से भी होगा एफआईआर दर्ज



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर/ समस्तीपुर कल्याणपुर थाना परिसर में सोमवार को प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष नीतिश चंद्र धारियां ने 1 जुलाई से नए कानून लागू होने पर प्रेस वार्ता किया। वहीं वार्ता में धारियां ने जनप्रतिनिधि और लोगों को बताया कि नए कानून में अब लोगों को ईमेल और व्हाट्सएप से भी मिले आवेदन पत्र पर थाना में एफआईआर किया जा सकता है। वहीं एफआईआर दर्ज होने पर 42 घंटे के अंदर में प्राथमिक आवेदन पर हस्ताक्षर करना होगा। वहीं 16 वर्ष से कम आयु के लोगों को एवं बीमार व्यक्तियों को गिरफ्तार नहीं करना है। गिरफ्तारी के लिए एसपी साहब से आदेश लेना होगा। पीड़ित एफआईआर की एक कापी निःशुल्क प्राप्त करने के हकदार हैं। महिला अपराध की स्थिति में 24 घंटे के अंदर पीड़िता की सहमति से उसकी मेडिकल जांच की जाएगी। साथ ही सात दिनो के अंदर चिकित्सक उसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे।बीएनएस की धारा में स्पेशल एक्ट में पीड़ित को मुआवजे का अधिकार दिया गया है। तलाशी और जप्ती की पुलिस को वीडियोग्राफी की जाएगी। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ सामुहिक बलात्कार करने पर दोषी को आजीवन कारावास या मृत्यु दण्ड की सजा मिलेगी। छीना-झपटी (स्नैचिंग) एक गंभीर और ननबेलबल (गैर जमानती) अपराध है।मौके पर बीडीओ देवेन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार,अपर थाना अध्यक्ष चंद्र भूषण कुमार, एस आई मनोज कुमार एवं मुखिया विनोद दास, अनीता देवी सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## थाना में नये कानून पाठशाला में उपस्थित आम जनता

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौलीः थाना कार्यालय के सभागार में सोमवार को सदर डीएसपी - 2 मनोज राम के अध्यक्षता में नये कानून को लेकर एक पाठशाला का आयोजन किया गया.इस पाठशाला के दौरान सदर डीएसपी - 2 मनोज राम ने उपस्थित आम जनता, जनप्रतिनीधिगण एव समाजसेवी को एक जुलाई से भारत सरकार द्वारा पूर्व से चली आयी ब्रिटिशकालीन कानून से मुक्ति और देश भर मे नया आपराधिक कानून लागू होने की विस्तृत रूप से जानकारी दी.उन्होंने कहा कि नये कानूनों में महिलाओं व वच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकी दी गयी है.मामलों की दर्ज किये जाने के दो माह के भीतर अनुसंधान पूरी की जाएगी.पीड़ितों को 90 दिन के अंदर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा.उन्होंने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति ऑनलाईन प्राथमिकी दर्ज करा सकते है.लेकिन एक सप्ताह के अंदर थाना पर आकर थानेदार के समक्ष वादी की हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा.वही कोई भी पीड़ित महिला को अब थाना पर प्राथमिकी दर्ज कराने थाना पर नही जाना होगा, पीड़ित महिला द्वारा थानाध्यक्ष को बताये गये स्थल पर दरोगा पहुँच कर उक्त महिला की जीरो एफआईआर दर्ज करेगा.वही कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है,भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नही हुआ है.इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को नये कानून लागू होने को लेकर थानाध्यक्षों द्वारा तैयार एक पुस्तिका भी उपस्थित लोगों के बीच उपलब्ध कराया गया. उन्होंने कहा कि नये कानून के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गये बिना इलोक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओ की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है.वही पीएसआई निधि कुमारी ने उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों नये कानून को सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी.उन्होंने उपस्थित महिलाएं से इस नये कानून लागू होने से संबंधी सवाल जवाब किया गया.वही प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने नये कानून के बारे में थानाध्यक्ष एव महिला पुलिस पदाधिकारी से जानकारी हासिल की.इस मौके पर प्रमुख कुमारी उषा, एसआई राम कुमार, पीएसआई जितेश कुमार मिश्र, निधि कुमारी,महिला हेल्प डेस्क पुलिस पदाधिकारी बिंदु कुमारी, जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, जिला जदयू छात्र संघ अध्यक्ष मौसम कुमार श्रीवास्तव, जिला राजद उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव,प्रखंड़ राजद अध्यक्ष राम सागर पासवान, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न राउत, मुखिया अर्जुन सिंह, अमरेंद्र राय, राम कुमार राय, सुधीर कुमार सिंह,जयप्रकाश मंडल, अजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह,सरपंच वीणा देवी,रामानंद ठाकुर,नरेश यादव, मो.तनवीर जक्की,प्रदीप कुमार सिंह,बेचन यादव,अमरेश जैसवाल, अरुण कुमार सिंह, प्राचार्य अनीश कुमार झा,उचित महतो,जयजय राम यादव,बबलू सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जवाहर उच्च विद्यालय में जन-जागरूकता के माध्यम से किया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी एस.डी.आर.एफ. टीम के एस. आई. बिनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को जवाहर उच्च विद्यालय मधेपुर में डूबने से होने वाली मृत्यु के रोकथाम हेतु जन-जागरूकता सप्ताह के तहत बाढ़ पूर्व तैयारी सुरक्षा सप्ताह (जन जागरूकता अभियान) से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित की गई।ज्ञात हो कि आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में जिले में डूबने से होने वाली मृत्यु की अधिकता एवं उसके रोकथाम को लेकर एस. डी.आर.एफ. की टीम के द्वारा जन-जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में बाढ़ प्रवण बहु-आपदा प्रवण अंचलों को प्राथमिकता देते हुए जवाहर उच्च विद्यालय मधेपुर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में डूबने से होने वाले मृत्यु की रोकथाम हेतु चयनित विद्यालयों के छात्र छात्रों अंचल अन्तर्गत स्वेच्छा से भाग लेनेवाले जन प्रतिनिधि समाज सेवक प्रशिक्षित आपदा मित्र, प्रशिक्षित तैराक गोताखोर नेहरु युवा केन्द्र के स्वंयसेवकों को जागरूक किया गया। जन-जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया है कि वे प्रशिक्षण करानेवाले रऊफ्रटीम को सहयोग समन्वय हेतु एक जानकार कर्मी को प्रतिनियुक्त करने एवं निर्धारित कार्यक्रम से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियो निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। डूबने से होने वाले मृत्यु की रोकथाम हेतु आयोजित कार्यक्रम को सभी संबंधितों से समन्वय स्थापित कर आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे।प्रशिक्षण में मानसून के दौरान संभावित बाढ़ को देखते हुए जल-जमाव वाले क्षेत्रों एवम नदियों के किनारे नही जाने की अपील किया है,साथ ही बच्चों को भी दूर रखने की अपील किया है। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुऐ कहा है कि भारी वर्षा होने की स्थिति में लोग घर मे ही रहे। नदियों,तालाबो आदि का जलस्तर बढ़ने की संभावना के साथ ही वर्षा के दिनों में कई जगहों पर जल-जमाव भी हो जाता है। अतः बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकले। जल जमाव वाले क्षेत्रों एवम नदियों के किनारे जाने से बचें,साथ ही अपने बच्चों को भी जल-जमाव। वाले क्षेत्रों एवम नदियों के किनारे जाने से रोके।

## बाबा कामेश्वर नाथ महादेव मंदिर की बनी कमिटी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रविवार को थाना चौक से उत्तर पोखरा के निकट अवस्थित प्राचीन बाबा कामेश्वर नाथ महदेव मंदिर परिसर में बाबा के भक्तों और समाज के लोगों की एक बैठक समाजसेवी राजकुमार साह की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में सर्वसम्मति से महादेव मंदिर और हनुमान मंदिर की देख रेख व व्यवस्था संचालन केलिए एक 25 सदस्यीय कमिटी का निर्माण किया गया । सर्वसम्मति से ज्योतिषाचार्य डॉक्टर सुनील श्रीवास्तव समाज सेवी राजकुमार साह को उपाध्यक्ष सचिव पद पर कृष्ण कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह पत्रकार कुमार गौरव को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया । वही कार्यसमिति सदस्य के रूप में विनय कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह , सारंगधर झा ,मनोज कुमार उर्फ नुनु जी संजीव कुमार पांडे उर्फ पप्पू पांडे निरंजन कुमार राजू महतो सुशील मंडल घनश्याम साह ,पंकज कुमार मिश्र बिनोद साह राजू कुमार गणेश प्रसाद शंकर शाह अरविंद कुमार श्रीवास्तव रंजन कुमार सिंह राजेश रंजन पांडे उर्फ गुड्डू पांडे प्रदीप राम और मुन्ना साह को मनोनित किया गया । बैठक में मंदिर कमिटी का बोर्ड लगाने बाबा को गंदे जल से बचाने नीर के निकासी महादेव मंदिर कमिटी में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को सदस्य बनाने और कार्यालय संचालन करने सहित सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पास किए गए । वहीं आगामी 7 जुलाई दिन रविवार को पुन बैठक की तिथि निर्धारित की गई जिसमे कमिटी के पदाधिकारी और सभी श्रद्धालु भक्तों से भाग लेने की अपील की गई ।

## बुद्धिजीवियों और आमजनों के साथ संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आज जमात ए इस्लामी हिंद , मुजफ्फरपुर इकाई द्वारा जमात के मरकजी डायरेक्टर जनाब हामिद मोहम्मद खान के शहर मुजफ्फरपुर आगमन पर स्थानीय माड़ीपुर ,अल शिफा कैंपस में ह्लबुद्धिजीवियों एवं आमजनों के साथ संवाद ह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जमात ए इस्लामी के जिला अध्यक्ष हससाम तारिक ने किया । प्रमंडलीय प्रमर्शदात्री समिति के समन्वय नजीर अहमद ने जमात इस्लामी का परिचय कराया , इसके उद्देश्य एवं अब तक के इतिहास और उपलध्धियों से अवगत कराया। वक्ताओं में शिक्षाविद डा प्रो अबूजर कमालुद्दीन ने कहा कि इस्लाम अपने चारित्रिक विशेषता और संदेश के मुताबिक मुसलमानो मे सामूहिकता कायम करने पर बल देता है ,अफसोस कि आज मुसलमानो में सामूहिकता के साथ संगठित दीनी और धार्मिक जीवन गुजारने की प्रवृति क्षीण होती जा रहीं है । हमे अपने इतिहास और गौरवशाली युग का स्मरण करते हुए अपने वजूद को पहचाना होगा ,पुनः अपने समाज के कमियों और कमजोरी का अध्ययन कर इसके उपचार का प्रयास करना होगा । विशिष्ठ अतिथि जमात इस्लामी हिंद के केंद्रीय निर्देशक श्री हामिद मोहम्मद खान ने आमजन एवं जिला के बुद्धिजीवियों के साथ संवाद में मुसलमान सामाजिक ,शैक्षणिक , राजनीतिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के व्यापक विषय पर संवाद किया । कहा कि कौम मिल्लत के सार्वांगिक विकास पर बल देते हुए , बुद्धिजीवी और समाज के लीडरों से अपील किया कि कौम ए मिल्लत के बेहतरी के लिए पहल करें । प्रोग्राम का संचालन अशरफ फूल हक ने किया और धन्यवाद गयापन हैदर अली ने किया । संवाद में मुख्य रूप से ,प्रख्यात चिकित्सक डा महमुदुल हसन , मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद इश्तेयाक , शिक्षाविद एहराज अहमद , मोहमद साजिद ,एडवोकेट सरफराज अहमद , डा सफीउल्लाह ,व्यवसाययी सय्यद अहमद ,छात्र नेता हामिद हुसैन , सामाजिक कार्यकर्ता असगर अली , इरशाद अहमद , शिक्षक महफूज आलम ,आदि गणमान्य सहित दर्जनों आमजन मौजूद थे ।

## आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई नये कानून की जानकारी

प्रात : किरण संवादाता

बोघहा ।थाना अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद आशीष कुमार ठाकुर ने आज थाना परिसर में नए आपराधिक कानून लागू होने पर पुलिस और आमजनों के बीच गहन चर्चा की।, इस दौरान थानेदार आशीष कुमार ठाकुर ने आमजन को तीन नए कानून की जानकारी दी और उन्होंने बताया कि आज से कैसे नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज कर लोगों की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अब विभिन्न नई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।, इससे अपराधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।, अब लोगों को थाने का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा । वे घर बैठे ही ई - एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।, क्रिमिनल कानून लागू होने से महिलाएं बच्चों और जानवरों से जुड़ी हिंसा पर कमी आएगी।,वहीं महिला पुलिसकर्मी ज्योति कुमारी ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया जो महिलाएं इस बैठक में नहीं आ सकी हैं वैसे लोगों के घर जाकर तीनों कानून की जानकारी देने का काम करें।, मौके पर मुखिया बैजू राय, शिवकुमार महतो, मो फारूक, पूर्व उपप्रमुख कैलाश राय, पूर्व मुखिया भरत राय, केदार सहनी, सरपंच प्रतिनिधि संजीव बिहारी, प्रशांत कुमार साहित्य दर्जनों थे। पियर थाना परिसर में थानाध्यक्ष पंकज यादव ने जनप्रति निधियों ,एवं आम नागरिकों की विशेष बैठक आयोजित कर उन्हें बताया कि यह नया कानून पहले से चले आ रहे भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता की जगह लेगा। अब इसे भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। पहले आईपीसी में 511धाराएं थीं जिसे घटाकर 356कर दिया गया है। अब हत्या मामले में धारा 302की जगह 103में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।लूट ,चोरी ,हत्या का प्रयास , अपहरण ,रंगदारी आदि आपराधिक मामलों में नई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## एडवा की बैठक में गिरती कानून व्यवस्था एवं बढ़ती अपराध की किया कड़ी आलोचना

प्रात : किरण संवादाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति एडवा अंचल कमेटी विभूतिपुर की बैठक किरण कमल की अध्यक्षता एवं राज्य अध्यक्ष नीलम देवी के पर्यवेक्षण में वासो टोल स्थित निजी शिक्षण संस्थान में संपन्न हुई। बैठक में कानून व्यवस्था की गिरती हुई स्थिति एवं बढ़ती अपराध तथा पुलिस प्रशासन की विफलता की कड़ी आलोचना की गई'दिनदहाड़े विभूतिपुर के संकड़ा पंचायत में अकलू यादव के डेयरी कैंपस में सीएसपी संचालक से लूट एवं दो व्यक्ति की हत्या अपराध कर्मियों द्वारा कर दिया जाता है और अपराधकर्मी फरार हो जाता है। पुलिस प्रशासन अपराध को रोकने में पूरे तौर पर विफल साबित हो रही है' इस तरह की घटना में बढ़ोतरी हुई है और पूरे बिहार में लूट हत्या की वारदात बड़े पैमाने पर हो रही है। नीतीश कुमार की सरकार इस पर अंकुश लगाने में नाकामयाब हो रही है' बिहार सरकार को इस पर गंभीरता से एक्शन लेने की जरूरत है नहीं तो बिहार में जान माल की सुरक्षा भगवान भरोसे है' महिला समिति ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए एसपी समस्तीपुर से अपराधियों को दो दिन के अंदर गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया' अगर ऐसा नहीं होता है तो महिला समिति आंदोलन खड़ा करेगी । वहीं संगठन ने महिला समिति की सदस्यता एवं संगठन गतिविधियों को तेज करने का फैसला लिया।बैठक को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के राज्य सचिव नीलम देवी, अंचल सचिव सुलेखा कुमारी, शांति देवी, निशा कुमारी आदि ने संबोधित करते हुए बढ़ते अपराध पर रोक लगाने की मांग की।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नेशनल हेल्थ केयर अवार्ड से सम्मानित



प्रात : किरण संवादाता

दरभंगा।डॉक्टर्स डे पर डॉ.यदुवीर सिन्हा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लहेरिया सराय दरभंगा के सभागार मे नेशनल हेल्थ केयर अवार्ड 2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दरभंगा नगर के विधायक संजय सरावगी, बिहार विश्वविद्यालय होम्योपैथिक सकाय के डीन डॉ.भरत कुमार सिंह, हलीम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद, डॉ.यदुवीर सिन्हा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के रिपोर्ट्री विभाग के एचओडी, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ.यू .एस.गौतम, सौरभ कुमार एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ.अमित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थि अतिथियों का स्वागत गेस्ट ऑफ ऑनर के मोमेंटो से किया गया तो सैकड़ो चिकित्सकों को दरभंगा नगर के विधायक एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए नेशनल हेल्थ केयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी विद्यालय के जमीन को किया गया अतिक्रमण

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के झिटकिया पंचायत के पथराहा गांव में स्थित पूर्वी टोला मध्य विद्यालय के परिसर में अनाबाद बिहार सरकार का खाता नंबर-308 खेसरा नंबर-399 रकवा-2.29 डिसमिल जमीन को स्थानीय ग्रामीण सुभकलाल यादव का दोनों पुत्र दीपनारायण यादव व उमेश यादव अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया है। इसको लेकर समाजसेवी ग्रामीण राजनंदन यादव ने अंचलाधिकारी वंदना कुमारी को आवेदन देते हुए विद्यालय के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। राजनंदन यादव ने आवेदन देते हुए बताया कि विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण कर लेने के कारण खेल मैदान में बच्चों को खेलकूद करने में काफी कठिनाइयों होती है और किसी भी प्रकार के सामाजिक आयोजन करने के लिए एकमात्र इस गांव में विद्यालय का मैदान है। समय-समय पर चुनावी सभा सहित बड़े-बड़े सामाजिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जो इस विद्यालय के मैदान के अलावा इस गांव में दूसरा कोई भी मैदान उपलब्ध नहीं है। अंचलाधिकारी को राजनंदन यादव आवेदन देते हुए बिहार सरकार के अतिक्रमण मुक्त जमीन को खाली करवाने की गुहार लगाया है।

# थाना परिसर में तीन नए आपराधिक कानून को ले थानाध्यक्ष ने कि बैठक, दी जानकारी

## तीन नए कानून में दंड के जगह न्याय पर विशेष बल दिया जाएगा, राष्ट्रगान के बाद बैठक की समापन की गई

प्रात : किरण, संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना परिसर में सोमवार को देश में 1 जून से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने किया। बैठक में मौजूद थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि समाजसेवी , थाना के पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, ग्रामीण चौकीदार और आम लोगों को तीन नए आपराधिक कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तीन नए आपराधिक कानून के तहत एफआईआर दर्ज से लेकर न्यायालय द्वारा फैसला सुनाने तक समय सीमा तय किया है। जिससे आमलोगों को न्याय मिलने में सुविधा मिलेगी। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा भारतीय संसद से पारित तीन नए अपराधीक कानून 1 जुलाई 2024 को लागू होने जा रहे हैं। जिसमें मानव अधिकारों को मूल्यों को केंद्र में रखा गया है। नए कानूनों में दंड की जगह न्याय पर विशेष बल दिया गया है। न्याय पर केंद्रित तीनों नए आपराधिक कानून को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बिहार पुलिस पूरी तरह से तैयार है। अब डिजिटल ई नोटिस, एफआईआर, समन, ट्रायल, रिकॉर्ड, फॉरेंसिक, केस डायरी एवं बयान अन्य को संग्रहित किया जाएगा। तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी फोटोग्राफी के माध्यम होगा। तीन नए आपराधिक कानून की जानकारी बारी-बारी से लोगों को दी गई। आम आवाम से भी कानून के बारे में सलाह ली गई। इसके बाद राष्ट्रगान के बाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई। बैठक में थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार, एसआई गोपेंद्र प्रसाद सिंह, एसआई लूटन राम, एसआई जलधार मंडल, बलराम यादव, मनोज भगत, रोशन कुमार, भारत शाह, पृथ्वीराज चौहान, पंकज कुमार, गुंजन देवी, बीना देवी, शबनम देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी ,अनिल यादव, मनोज कुमार और सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल के जवान, ग्रामीण पुलिस और ग्रामीण मौजूद थे।

## आधार केन्द्र संचालक ने बीडीओ से लगाई न्याय की गुहार

### यूआईडीएआई के विरुद्ध कार्य करने को ग्रामीण करते हैं विवश

प्रात : किरण, संवाददाता



गिद्धौर/जमुई। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में संचालित हो रहे यूआईडीएआई आधार केंद्र के संचालक मो. जफरल अंसारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष एक आवेदन देते हुए लिखा है कि उन्हें स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और सोशल मीडिया पर बारम्बार झूठी अफवाह फैलाकर बदनाम किया जा रहा है।

आवेदन में लिखा है कि जो काम यूआईडीएआइ( वक्ळअक)द्वारा नहीं होता है, उस काम को करने के लिए दबाव बनाया जाता है। सेंटर पर हल्ला हंगामा, गाली गलौज किया जाता है और मारने की धमकी दी जाती है। ग्रामीण यूआईडीएआई के नियमानुसार काम न कर उनके मनमाफिक काम करवाने को लेकर दबाव बनाते हैं और ऐसा न करने पर सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह फैलाते हुए बदनाम करते हैं। आधार संचालक मो. जफरल अंसारी ने बीडीओ से उक्त मामले अपर संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि सेवा प्रदाता एजेंसी के जिला समन्वयक एवं नोडल पदाधिकारी (आधार) सह वरीय उपसमाहर्ता जमुई को भी प्रेषित किया गया है।

## एनजीओ द्वारा एमडीएम योजना चलाने के निर्णय के खिलाफ विद्यालय रसोइयों का 1 जुलाई से तीन दिवसीय राज्यव्यापी विरोध की घोषणा:सरोज

- केंद्रीकृत किचेन व्यवस्था के खिलाफ मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों पर विद्यालय रसोइयों का विधान सभा के समक्ष 24 जुलाई को होगा प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ऐक्टू से सम्बद्ध बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ महासचिव कॉमरेड सरोज चौबे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि बिहार सरकार पूरे बिहार में कार्यरत लगभग 2.25 लाख विद्यालय रसोइयों से मध्यान भोजन योजना का काम छीनकर एनजीओ को सौंपने जा रही है ।उन्होंने बताया कि मिली जानकारी अनुसार इसकी शुरूआत कल 1 जुलाई से ही पूरे बिहार में सरकार करने जा रही है,उन्होंने बताया कि पहले से बिहार के कुछ जिले के नगर निगम क्षेत्र में केंद्रीकृत किचन आधारित मध्याह्न भोजन योजना का काम एनजीओ द्वारा संचालित किया जा रहा था जिसका विस्तार सरकार पूरे बिहार राज्य में 1 जुलाई से करने जा रही है। उन्होंने सरकार द्वारा पूरे बिहार में एमडीएम का काम रसोइयों से छीनकर एनजीओ के द्वारा केंद्रीकृत किचन माध्यम से कराने का पुरजोर विरोध करते हुए कल एक जुलाई (1 से 3 जुलाई) से पूरे बिहार में तीन दिवसीय विरोध दिवक्स की घोषणा किया है। उन्होंने बताया कि आज इस आशय का फैसला बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ के नेताओं की पटना के दारोगा राय पथ स्थित ऐक्टू राज्य कार्यालय में संपन्न हुई बैठक से लिया गया। इस बैठक में रसोइया संघ अध्यक्ष विभा भारती,महासचिव सरोज चौबे, उपाध्यक्ष सोहिला गुप्ता, ऐक्टू नेता आरएन ठाकुर, रणविजय कुमार, एसके शर्मा ,पप्पू शर्मा के अलावे खासतौर से एमएलसी सह आशा नेत्री शशि यादव भी शामिल थी। बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ(ऐक्टू) महासचिव सरोज चौबे ने यह भी बताया कि सरकार के एनजीओ समर्थक व रसोइया विरोधी निर्णय के खिलाफ रसोइयों को मासिक मानदेय 1650 रु से बढ़ाकर 10 हजार मासिक करने, एनजीओ व केंद्रीकृत किचेन व्यवस्था का निर्णय रद्द करने, वर्ष के 10 के बजाए 12 माह मानदेय देने, रसोइयों को पेंशन, रिटायरमेंट पैकेज, स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा कवरेज देने सहित अन्य सभी सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने जैसे अन्य मांगों पर 24 जुलाई को विधान सभा के चालू सत्र के दौरान रसोइयों का राज्यस्तरीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

## जादू टोना का आरोप लगाकर एक घर के छह सदस्यों के साथ कि गई मारपीट

### थानाक्षेत्र के सुंदरीटांड गांव की है घटना, अस्पताल में हुआ इलाज



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के सुंदरीटांड गांव में जादू टोना का आरोप लगाते हुए गांव के ही कुछ लोगों ने एक घर के आधा दर्जनभर सदस्यों के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल की पहचान सुभा देवी, सुखल मांझी, संझली देवी, राजकुमार, निरूकुमार और हीना कुमारी के रूप में हुई है जिसे अन्य लोगों की मदद से इलाज हेतु रेफरल अस्पताल झाझा में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल के परिजन ननका देवी ने बताया गांव के ही नाना मांझी की पत्नी घर पर आकर डायन का आरोप लगाते हुए जादू टोना कर बेटे की तबीयत खराब कर देने का आरोप लगाया जिसका विरोध किया तो नाना मांझी, चुटिया मांझी, कलुआ मांझी एवं अन्य ने उसके घर के सदस्य लाठी, चाकू लेकर आया और घर के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगा और उसके बाद चाकू चलाना शुरू कर दिया। मारपीट के क्रम में मेरे घर के छह सदस्य घायल हो गया। हो हल्ला करने पर जब ग्रामीण जुटने लगे तो वे लोग मेरे घर से भाग निकला। घटना की जानकारी घायलों के परिजन ने पुलिस को भी दिया।

## भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती ने उड़ाई नींद, शोपीस बनकर रह गए हैं पंखा, कूलर और एसी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़ : प्रखंड क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर हर दिन परेशानी है। दिन हो या रात हर वक्त ट्रिपिंग हो रही है। लो वोल्टेज और बिजली ट्रिप की समस्या ने उपभोक्ताओं को परेशान कर रखा है।पिछले पखवारे भर से बिजली की आवाजाही से लोगों की समस्या बढ़ गई है। लोगों ने बढ़ते भीषण गर्मी से बचाव के लिए कूलर और एसी की व्यवस्था की है, लेकिन बिजली के अभाव में ये सभी केवल सोपीस बनकर रह गए हैं। कमोबेश प्रतिदिन की स्थिति यह है कि दिन में 8 से 10 बार बिजली ट्रिप करती है। एक बार बिजली गई, तो आधे से एक घंटे की प्रतीक्षा आम है।कई बार मरम्मत के नाम पर चार से पांच घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। ऐसे में नागरिकों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है आम तौर पर बिजली विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों के विरूद्ध गुस्सा फूटता है। लेकिन बिजली आने के बाद टिक गई, तो सारा गुस्सा शांत हो जाता है। हालांकि नागरिक शिकायत दर्ज कराते हैं, लेकिन समाधान के नाम पर कोई-न-कोई बहाना बना दिया जाता है। बेचारी जनता थक-हार कर बिजली आने का बाट देखते रहती हैं। गांवों में लगातार बिजली कटौती के कारण लोग चिड़चिड़ापन के शिकार हो रहे हैं। रात में बिजली कटौती से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। बिजली जाते ही गर्मी का असर और मच्छरों से परेशान लोग घर से बाहर छतों पर टहलते नजर आ रहे हैं। वहीं लोकल फाल्ट से भी लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। वही समिति प्रतिनिधि सुमन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। दिन की कटौती से लोगों का चैन छिन गया है, वहीं रात में दो-तीन घंटे बिजली रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। नींद पूरी न होने से लोगों में चिड़चिड़ापन, मानसिक तनाव, पेट की खराबी और शरीर में भारीपन की शिकायतें शुरू हो गई है।रात में बिजली गुल होने से मच्छर सोने नहीं देते हैं। बाहर या छत पर सोते तो तबीयत खराब होने का डर, बिजली न रहने के कारण घर में गर्मी के कारण नींद नहीं आ रही है।इन दिनों अस्पताल में इन बीमारियों के तकरीबन 10 से 15 मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। वही डॉक्टरों का कहना है कि रात में बिजली न आने से लोग ठीक से सो नहीं पा रहे हैं, इस वजह से उनकी तबियत खराब हो रही है। ऐसे लोगों को दवा के साथ-साथ पूरी तरह आराम करने की सलाह दी जा रही है। मुख्यमंत्री का आदेश है कि बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए, क्षेत्रीय विद्युतकर्मियों से पूछिए तो वह कहते हैं कि ऊपर से कटौती हो रही है। बिजली कटौती के कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई है। वहीं बलुआहा पावर ग्रिड के द्वारा बिजली आपूर्ति पाने वाले लगभग चार दर्जन से अधिक गांवों में लगभग एक सप्ताह से बिजली कटौती अधिक हो रही है। कटौती का निर्धारित कोई शेड्यूल नहीं है। लोगों को दो-तीन दिनों में 20 घंटे से ज्यादा कटौती झेलनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी रात की कटौती से हो रही है। कटौती का कारण कुछ भी बता कर बहाना बना देता है।घर में बिजली न रहने से सबसे अधिक दिक्कत बीमार, बुजुर्ग व बच्चों को हो रही है।मुख्यमंत्री का आदेश है कि बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए, क्षेत्रीय विद्युतकर्मियों से पूछिए तो वह कहते हैं कि ऊपर से कटौती हो रही है। बिजली कटौती के कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई है। बिजली कटौती के संबंध में कनीय अभियंता अनिरुद्ध कुमार के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जाता है तो सबसे पहले फोन लगता नहीं है यदि फोन लगा भी जाता है तो वे फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते है।बलुआहा पावर ग्रिड में लाइन दे रहे लाइनमेंन के मोबाइल फोन पर जब संपर्क साधने की कोशिश की जाती है तो उनका मोबाइल हर वक्त बिजी ही आता है।

## डॉ भगवान का दूसरा रूप : कुमारी विनीता




प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा कुमारी विनीता भारती ने कही कि जिस पर हमें विश्वास होता है कि यह हमें मौत की गोद से निकालकर दोबारा हमें जिंदगी देगा। स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का यह एक खास अवसर है। यह खास दिन डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है साथ ही उनके निस्वार्थ भाव से लोगों को ठीक करने, उन्हें आराम देने और जीवन बचाने के लिए धन्यवाद करता है। चाहे वह रेगुलर चेकअप हो या किसी की जान बचाने के लिए कि गई सर्जरी, डॉक्टर हमेशा हमारी देखभाल के लिए मौजूद रहते हैं। नेशनल डॉक्टर्स डे हर साल 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह हर साल इसलिए मनाया जाता है ताकि समाज के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और योगदान का सम्मान किया जा सके। संसार में डॉक्टर की एक ऐसा शख्स है, जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है तो डॉक्टर को आस भरी नजर से देखता है जैसे वो भगवान से दुआ कर रहा है मैं हर साल डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों को सम्मानित करती हूँ ओर पुनः आज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आई हूँ डॉक्टर को सम्मानित करके गर्व महसूस कर रही हूँ।

## एक अभियुक्त हुआ रंगदारी मांगने के मामले में गिरफ्तार

### अन्य शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कर रही छापेमारी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] रंगदारी मांगने के मामलें में जमुई पुलिस की टीम ने झारखंड से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया। गिरफ्तारी के संदर्भ में सोमवार को झाझा एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार ने प्रेसवार्ता कर मामले की पूरी जानकारी दिया। एसडीपीओ ने बताया कि 28 जून को वादी कार्तिक ठाकुर से दस लाख रूपए रंगदारी मांगने ओर नही देने पर जान से मारने और वादी के परिवार को क्षति पहुंचाने के मामला सिमुलतला थाना में कांड संख्या 55/24 दर्ज कि गई। अंकित कांड में जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के निदेर्शानुसार मेरे नेतृत्व में अंचल निरीक्षक संतोष कुमार सिन्हा, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, अनुसंधानकर्ता अमरजीत कुमार,डीआईयू टीम,पुअनि विकास कुमार चैरसिया की टीम गठन कि गई और लगातार तकनीकी मदद से रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त के बारे में बता चला जिसके बाद झारखंड राज्य से अभियुक्त के घर पर छापेमारी करते हुए उसको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान झारखंड राज्य के दुमका जिला अंर्तगत सरैयाहाट थानाक्षेत्र के सलजोरा बंदरी गांव के रहने वाले प्रेमनारायण यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ किया गया उसने अपनी संलिप्ता स्वीकार किया इसके साथ अन्य अभियुक्तों के भी घटना में शामिल होने की बात बताया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अन्य अभियुक्त के बारे में जानकारी देने के बाद पुलिस शेष अभियुक्तों के विरूद्ध छापेमारी अभियान जुटी हुई है।

## इलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हुई मौत

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के श्रीनगर गांव वार्ड- 8 के 55 वर्षीय व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान रविवार की रात्रि में जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। इस बाबत परिजनों ने बताया कि मृत व्यक्ति घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के श्रीनगर निवासी नरेश यादव अपनी बाइक पर सवार होकर घर से घैलाढ़ की ओर जा रहा था।इसी दौरान बाइक चलाते वक्त अनियंत्रित हो गई और बाइक को लेकर सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोग एव परमानंदपुर थाना में पद स्थापित एस आई लवकुश के मदद से घायल व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए पहुंचाया गया।जहां उक्त व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई । मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

## एसबीआई के स्थापना दिवस पर बैंक के अधिकारियों ने किया पौधारोपण

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] एसबीआई के स्थापना दिवस पर एसबीआई शाखा झाझा की ओर से प्लस टू बीएल शर्मा हाई स्कूल प्रागंण में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। शाखा प्रबंधक डॉक्टर जीपी सिंह और शाखा के अन्य कर्मियों ने विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ मिलकर कई फलदार और छायादार पौधा रोपण किया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि पेड़ पौधा हमारे जीवन का आधार है। ये हमें प्राणवायु ऑक्सीजन गैस प्रदान करती जिसके वजह से धरती पर रहने वाले मानव जाति के साथ सभी जीव जंतु भी जीवित है। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना नही कर सकते है। अतः समाज के लोगों को अधिकाधिक पौधारोपण करना चाहिए। क्योकि जलवायु सुधार का सबसे बड़ा स्त्रोत पौधारोपण है। शाखा प्रबंधक ने आगे बताया कि पौधारोपण के पीछे का मूल उद्धेश्य वनों को बढ़ावा देना, भूनिर्माण और भूमि सुधार है। शाखा प्रबंधक ने आगे बताया कि बैंक ग्राहकों को बहतर सुविधा देने के लिए कटिबद्ध है। बैंक का प्रयास है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उनके घर तक पहुंचे। उन्होनें कहा कि एसबीआई ग्राहकों का विश्वास है और उस विश्वास को वे हमेशा बरकरार रखते हुए ग्राहकों को हर सुविधा प्रदान किया जाए। वही बैंक में भी ग्राहकों के बीच कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर बैंक की विशेषताओं के बारे में जानकारी दिया। मौके पर बैंक के अधीनस्थ अधिकारी मनोज कुमार, प्रकाश गुप्ता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नए आपराधिक कानून लागू होने पर थाना में लोगों के बीच थानाध्यक्ष ने किया सेमिनार

### लोगों को थानाध्यक्ष ने बताया कि नए आपराधिक कानून के तहत बदलाव किए गए धारा




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक जूलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू किए जाने के बाद सोमवार को झाझा थाना में थानाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें झाझा के व्यवसायी संगठन के सदस्य दयाशंकर बरनवाल, प्रशांत सुल्तानियां, अनुप केशरी, लक्ष्मण झाए सूरज बरनवाल सहित अन्य कई लोग मौजद हुए। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को तीन नए आपराधिक कानून लागू किए जाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि नये तीन आपराधिक कानून लागू होने से अब किसी की हत्या होती है तो पहले आईपीसी की धारा 302 लगती थी लेकिन अब यह बदलकर धारा 103 लगेगी, डकैती होने पर पहले 391 लगती थी लेकिन अब से 310 लगेगी। किसी के साथ जालसाजी या धोखाधड़ी होने पर धारा 420 लगती थी लेकिन अब 318 लगेगी। इसके अलावे अन्य कई तरह की जानकारी थानाध्यक्ष के द्वारा उपस्थित लोगों की दी गई। थानाध्यक्ष ने नये कानून के अंतर्गत हमलोगों को भी कई तरह की जानकारी दी गई ताकि निर्दोष फंसे नही और गुनाह करने वाले छुटे नही। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की पहली प्राथमिकता होती है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था और विधि व्यवस्था बनाए रखे इसके लिए आम जनता का सहयोग भी होना आवश्यक है। इसलिए पुलिस और पब्लिक के बीच हमेशा मैत्रिक भावना बना रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से भी लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए कई सामाजिक कार्य भी किए जाते है।

## झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस से मिली राहत

प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की सुबह में हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इसके पूर्व कई दिनों से सुबह से ही धूप छांव की आंख मिचौनी चल रही थी, लेकिन सुबह को हुई बारिश से लोगों को राहत मिल गई। करीब दो से तीन घंटे हुई बारिश से उमश भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश से पूर्व जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा।

जिससे लोग गर्मी से काफी परेशान हो रहे थे। बारिश से किसानों को मिली राहत, किसानों के चेहरे पर छाई मुस्कान धान फसल की रोपनी कर रहे किसानों को बारिश से काफी राहत मिली। अधिक कीमत अदा कर पंपसेट से पानी चलवाकर धान की रोपनी कर रहे किसानों के लिए यह बारिश एक तरह से राहत दी ।किसानों ने बताया कि धान की रोपनी के लिए बारिश वरदान साबित होगी। इस भीषण गर्मी में तापमान 42 डिग्री तक चला गया था।जिससे लोगों का हाल बेहाल हो रखा था। लेकिन सोमवार को इस बारिश के बाद तापमान में थोड़ी कमी आई ।कई इलाकों में सड़कों और खेतों में जलजमाव दिखने लगा है। बारिश से किसानों के मुरझाए चेहरों पर मुस्कान आ गई ।भीषण गर्मी के कारण जो फसलें सूखने लगी थीं, अब उनमें कुछ नमी आने की उम्मीद जगी है ।इस साल खरीफ सीजन की शुरूआत में ही अच्छी बारिश होने से किसान काफी खुश है। धान का बिचड़ा पहले ही डालकर धान की रोपनी का कार्य भी तेजी से शुरू हो गया है। अगर बीच-बीच में थोड़ी बहुत बारिश होती रही तो धान की फसल अच्छी हो जाएगी।

## तीन नए आपराधिक कानून को ले थानाध्यक्ष ने आम आवाम व जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



घैलाढ़ (मधेपुरा) ओपी व परमानंदपुर थाना परिसर में सोमवार को देश में 1 जून से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता घैलाढ़ ओपी में ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद व परमानंदपुर थाना में थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने किया। बैठक में मौजूद थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी , थाना के पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, ग्रामीण चौकीदार और आम लोगों को तीन नए आपराधिक कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तीन नए आपराधिक कानून के तहत एफआईआर दर्ज से लेकर न्यायालय द्वारा फैसला सुनाने तक समय सीमा तय किया है। जिससे आमलोगों को न्याय मिलने में सुविधा मिलेगी। वही परमानंदपुर थाना अध्यक्ष रंजन कुमार व घैलाढ़ ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय संसद से पारित तीन नए अपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 को लागू होने जा रहे हैं। जिसमें मानव अधिकारों के मूल्यों को केंद्र में रखा गया है। नए कानूनों में दंड की जगह न्याय पर विशेष बल दिया गया है। न्याय पर केंद्रित तीनों नए आपराधिक कानून को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बिहार पुलिस पूरी तरह से तैयार है। अब डिजिटल ई नोटिस, एफआईआर, समन, ट्रायल, रिकॉर्ड, फॉरेंसिक, केस डायरी एवं बयान अन्य को संग्रहित किया जाएगा। तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी के माध्यम होगा। तीन नए आपराधिक कानून की जानकारी बारी-बारी से लोगों को दी गई। आम आवाम से भी कानून के बारे में सलाह ली गई। बैठक में सीओ वंदना कुमारी, जिला पार्षद डॉ. विनीत कुमार आर्यन, सरपंच हीरा कामति, सुरेश यादव, समिति वीरेंद्र यादव, जदयू अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल के जवान, ग्रामीण पुलिस और ग्रामीण मौजूद थे।

सम्पादकीय

## सीबीआई जांच, भैंस गई पानी में

पेपर लीकेज की गंभीरता को समझने के लिए इसी तरह का कांड व्यापम की गंभीरता को समझ लीजिए। याद कीजिए ! लगभग 10 साल से ज्यादा बीत चुके वर्ष 2013 में हुआ आजाद भारत के मध्य प्रदेश का विश्व व्यापी बहुचर्चित व्यापम (व्यावसायिक परीक्षा मंडल) कांड जिसमें लगभग 50 से अधिक छात्रों, गवाहों, पत्रकारों, आरोपियों की संदिग्ध मृत्यु, आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना? द्वारा हुई थी। हजारों (5288) अभ्युक्तियों के खिलाफ सैकड़ों अपराधिक प्रकरण चल रहे हैं, जिनमें से सैंकडों आरोपी अभी भी फरार है। परंतु दुर्भाग्यवश मामला अंतिम परिणाम तक वास्तविक अपराधी षड्ढत्रकारियों के विरुद्ध नहीं पहुंच पाया। ऐसा ही एक कांड नीट परीक्षा पेपर लीक कांड (वर्ष 2024) जिसके परिणाम 4 जून को आए, जिसकी छात्रों की दृष्टि से चिंता राष्ट्रव्यापी चर्चा का विषय बनी हुई है। मध्य प्रदेश के व्यापम कांड की तुलना नीट के परीक्षा से इसलिए भी की जा सकती है, क्योंकि नीट परीक्षा का संचालन करने वाली संस्था एनटीए के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी भी मध्य प्रदेश के ही हैं। आईये ! इस नीट पेपर कांड की कुछ परतें खोलने का प्रयास करते हैं।

एनटीए का गठन कब और क्यों?

विभिन्न राज्यों में पेपर सेट करने की विभिन्न एजेंसीज होने से होने वाली अनेक गड़बड़ियां, अनियमितताएं तथा पेपर लीकेज के रोकथाम के लिए वर्ष 2017 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए एकल स्वायत्त स्वतंत्र एजेंसी का गठन करने की घोषणा की थी, ताकि प्रवेश परीक्षाओं को दोषमुक्त किया जा सके। परिणाम स्वरूप 1 मार्च 2018 को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) अस्तित्व में आयी।

एनटीए के गठन से लेकर अभी तक के प्रमुख पेपर लीक प्रकरण।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के गठन के बाद से ही दुर्भाग्यवश तकरीबन हर साल परीक्षा में गड़बड़ी और धांधली के आरोप लगे हैं। यानी एनटीए अकड़ी मकड़ी दूधमदार, नजर उतर गई पल्लेपार कराने वाली एजेंसी मात्र बन कर रह गयी है। पिछले 5 सालों में एनटीए की लगभग 60 परीक्षाओं में से लगभग 12 परीक्षाओ में पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों पायी गई। साल 2019 में जेईई मेंन्स के दौरान छात्रों को सर्वर में खराबी होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही कुछ जगहों पर छात्रों ने प्रश्न पत्र में देरी की भी शिकायत की थी। नीट अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम 2020 में एनटीए पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। परीक्षा को कई बार स्थगित करना पड़ा था। साल 2021 में जेईई मेन्स के एग्जाम में कुछ गलत प्रश्न को लेकर भी हंगामा देखने को मिला था। 2021 में ही नीट परीक्षा में राजस्थान के भांकरोटा में सॉल्वर गैंग द्वारा गड़बड़ी करने का मामला सामने आया था। विभिन्न केंद्रीय, राज्य, प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटएंट्रेंस टेस्ट में साल 2022 में गड़बड़ी की शिकायतें हुई थीं। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्थान से आई थी।

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, असम, अरुणाचल प्रदेश पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर..ये देश के वो 16 राज्य हैं, जहां पिछले 5 सालों में 41 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए जिससे लगभग 1 करोड़ 70 लाख छात्र प्रभावित हुए। यानी परीक्षा में पेपर लीक की महामारी देशभर में फैली हुई है, क्योंकि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है। इस हमाम में सब नंगे हैं वरना ऊंट की चोरी निहुरे निहुरे तो हो नहीं सकती। शून्य त्रुटि परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध सरकार की नाक के नीचे गड़बड़ियां। 18 जून को हुई यूजीसी-नीट की परीक्षा भी रद्द की जा चुकी, थीं। तथापि कारण जनसाधारण को बतलाए नहीं गए हैं। इस तरह एनटीए की स्थापना के 6 सालों में सिर्फ 2 बार, साल 2018 और 2023 में पेपरलीक और गड़बड़ी की शिकायत नहीं आई? मतलब शिक्षा क्षेत्र के विकास की स्थिति नहीं मिली? अब यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो चुकी है कि नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क से लेकर ओएमआर शीट व फायनल स्कोर कार्ड में अंतर, 67 उम्मीदवार को 720 में से 720 अंक, एक ही सेंटर से 6 उम्मीदवारों को नम्बर वन ऑल इंडिया रेंकिंग, ग्रेस मार्क सहित 718-719 अंक संभव नहीं, सिलेबस व आंसर के हिसाब अलग-अलग आंसर गलत प्रश्नपत्र का बंटना, अंतिम तिथि 9 मार्च तक रजिस्ट्रेशन के बाद फिर अचानक 8 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन खोलना, नियत तिथी 13 जून के पूर्व ही 4 जून जिस दिन लोकसभा चुनाव के परिणाम आ रहे थे।

## विश्वगुरु बनी भारतीय क्रिकेट टीम

राकेश अचल

एक लम्बे अरसे से मैंने न क्रिकेट का खेल देखा और न इसके बारे में लिखा। वैसे भी क्रिकेट के बारे में मेरा ज्ञान लगभग शून्य ही है। एक जमाना था जब जनसत्ता के सम्पादक स्वर्गीय प्रभाष जोशी ने मुझसे क्रिकेट के ग्वालियर में हुए अनेक अंतर्राष्ट्रीय मैचों का कव्हरेज जबरन कराया था। शनिवार की रात अमेरिका में टी-20 क्रिकेट का फाइनल देख रहे मेरे बेटे ने मुझे एक बार फिर खेल देखने के लिए प्रेरित किया और युगों बाद मैंने न केवल पूरा मैच देखा बल्कि उन स्वर्णिम क्षणों का साक्षी भी बना जो हर हिंदुस्तानी के लिए गौरव के क्षण कहे जा सकते हैं।

दरअसल पिछले अनेक वर्षों से सम-सामयिक विषयों पर लिखते-लिखते मेरी खेलों से रूचि लगभग समाप्त हो गयी थी। खेलों में राजनीति ने भी इसमें अपनी भूमिका निभाई। आप आश्चर्य करेंगे कि मैं अभी तक अपने शहर ग्वालियर में बनाये गए नए क्रिकेट स्टेडियम को देखने तक नहीं गया, क्योंकि हमारे यहां भी क्रिकेट एक परिवार की दासी बनी हुई है। लेकिन शनिवार की रात मुझे लगा कि क्रिकेट के खेल में तो हम आज भी विश्व गुरु हैं, और इसका श्रेय उन क्रिकेटरों को जाता है जो सचमुच भारत के मान-सम्मान के लिए खेलते हैं। फाइनल मैच की कमेंट्री पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू कपिल शर्मा शो के जज की ही तरह फुल फार्म में कर रहे थे। चूंकि भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था इसलिए मुझे भी मैच ने बाँध लिया। एक लम्बे अरसे बाद मुझे चौके और छक्के देखने का रोमांच हुआ। हालांकि रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके, मगर उसके बार विराट कोहली और अक्षर पटेल के बीच 72 रन की साझेदारी ने टीम इंडिया की मैच में वापसी कराई। अक्षर पटेल ने 31 गेंद में 47 रन और विराट कोहली ने 59 गेंद में 76 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने भी 16 गेंद में 27 रन की पारी खेलकर भारत को 176 रन तक पहुंचने में मदद की। नवजोत सिंह का अनुमान था कि भारत 180 रन का लक्ष्य पार कर लेगा लेकिन भारत ये लक्ष्य पाने से 4 कदम पीछे रह गया। अमूमन रात को 10 बजे सो जाने वाले इस बन्दे ने पूरे साहस के साथ फाइनल मैच देखा। मेरे ख्याल से दक्षिण अफ्रीका के लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही क्योंकि रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडन मार्करम चार-चार रन बनाकर आउट हो गये। लेकिन क्विंटन डी कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका की मैच में वापसी करवाई बल्कि मैच के रोमांच को भी बनाये रखा। स्टब्स ने 21 गेंद में 31 रन और डी कॉक ने 31 गेंद में 39 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासेन तब बैटिंग के लिए क्रीज पर उतरे जब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 70 रन था। क्लासेन ने यहां से ताबड़तोड़ बैटिंग शुरू की और उन्होंने मात्र 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 2 चौके और 5 छक्के लगाकर अपना अर्धशतक पूरा कर दिखाया। क्लासेन ने 27 गेंद में 52 रन बनाए। 15वें ओवर में क्लासेन ने अक्षर पटेल के ओवर में 24 रन बटोरे जहां से मैच पूरी तरह पलटा हुआ नजर आने लगा था। भारत ने गेंदबाजी के दम पर वापसी की वो भी आखिरी 4 ओवरों में जैसा कि आप सभी ने देखा होगा कि 16 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना लिए थे। अफ्रीका को आखिरी 4 ओवर में जीत के लिए 26 रन बनाने थे। 17वें ओवर की पहली ही गेंद पर हार्दिक पांड्या ने क्लासेन को आउट कर दिया। अगले 2 ओवरों में सिर्फ 6 रन आए। 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने केवल 4 रन दिए, जिससे मैच का रुख भारत की ओर हो गया। आखिरी ओवर में हार्दिक पांड्या ने केवल 8 रन देकर भारत की 7 रन से जीत सुनिश्चित की। पूरे सत्रह साल बाद मिली इस विजय से मुझे एक बार लगा कि जैसे ये एक सपना है, लेकिन बारबाडोस से लेकर दिल्ली और ग्वालियर में जब आधी रात को जश्न शुरू हुआ तो यकीन करना ही पड़ा कि हम क्रिकेट के विश्व गुरु फिर बन गए हैं। दरअसल खेलों में खिलाडी पुरुषार्थ दिखाते हैं। खेलों में अदावत नहीं होती, प्रतिस्पर्द्धा होती है। मैं भारतीय क्रिकेट टीम की इस महान उपलब्धि से गदगद हूँ। मै हमेशा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ की वो हमारे देश की सियासत को अदावत से बचाकर उसमें प्रतिस्पर्द्धा और खेल की भावना भर दे। सियासत में भी नेता अपनी पारी समाप्ति की घोषणा खुद करें। पूरी भारतीय टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई, क्योंकि वर्षों बाद हम भारतीयों का सीना एक बार फिर 56 इंच का हुआ है।

# अर्थव्यवस्था को मजबूती देते प्रवासी भारतीय

खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। पिछले वर्ष 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढकर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थीं, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब एक करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं।





डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपए की ऊंचाई पर है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। पिछले वर्ष 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढकर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थीं, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब एक करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निःसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपुन, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आईबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स के रेशमा केवलरमानी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभाएं कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं।

इस समय 18वीं लोकसभा के चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है।

सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है। प्रवासियों का यह भी कहना है कि नई गठबंधन सरकार से दुनिया के कोने-कोने से भारतीय प्रवासियों को और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने ऑपरेशन अजय चलाया है, साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इस वर्ष जून 2024 में कुवैत में अग्निकांड में 45 प्रवासी भारतीयों की मौत के बाद कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सहायता के मद्देनजर नई गठबंधन सरकार ने अहम भूमिका निभाई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अभी भारत के द्वारा अपने प्रवासियों के दुख-दर्दों को कम करने में और अधिक सहयोग किया जाना होगा। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए गठबंधन की नई सरकार के द्वारा प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। हम उम्मीद करें कि दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढे में और अधिक सक्रिय सहयोग देते हुए दिखाई देंगे।

# जलस्रोतों का संरक्षण : अविरल यमुना दूर करेगी दिल्ली की प्यास

कभी किसी ने नहीं जाना कि सावन-भादों में जब नदी उफान पर होती है तो उसे तसल्ली से बहने के लिए कितनी भूमि चाहिए। न ही कभी परवाह की गई कि नदी की गहराई कम होने से किस तरह समूचा जल-तंत्र गड़बड़ा रहा है। यह बात सरकारी दस्तावेजों में जरूर दर्ज है कि यमुना नदी के दिल्ली प्रवेश वजीराबाद बैराज से लेकर ओखला बैराज तक के 22 किलोमीटर में 9700 हेक्टेयर की कछार भूमि पर अब पक्के निर्माण हो चुके हैं। इसमें से 3638 हेक्टेयर को दिल्ली विकास प्राधिकरण खुद नियमित बना चुका है। इसके अलावा वैध-अवैध अतिक्रमण हर साल बढ़ रहे हैं। समझना होगा कि अरावली से चलकर नजफगढ़ झील में मिलने वाली सहाबी नदी और इस झील को यमुना से जोड़ने वाली नैसर्गिक नहर का नाला बनना हो या फिर साकेत में खिड़की गांव का सात पुला या फिर लोधी गार्डन की नहरें, असल में ये सभी यमुना में जब कभी क्षमता से अधिक पानी आ जाता तो उसे जोहड़-तालाब में सहेजने का जरिया थीं। शहर को चमकाने के नाम पर इन सभी सदियों पुरानी संरचनाओं को तबाह कर दिया गया। अब न बरसात का पानी तालाब में जाता है और न ही बरसात के दिनों में सड़कों पर जल जमाव रुक पाता है। एनजीटी हर साल आदेश देता है लेकिन सरकारी महकमे भी कागज की नाव चलाकर उन आदेशों को पानी में डुबो देते हैं। दिल्ली में अधिकांश जगह पक्की सड़क या गलियां हैं, यहां से बरसात के पानी को झील-तालाबों तक कम से कम हानि के ले जाना सरल है। दुर्भाग्य है कि इस शहर में बरसने वाले पानी का अस्सी फीसदी गंदे नालों के जरिए नदी तक पहुंचने में ही बर्बाद हो जाता है। नदी भी अपनी क्षमता से पचास फीसदी कम चौड़ी और गहरी रह गई है।





पंकज चतुर्वेदी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

दिल्ली में यमुना नदी को नया जीवन देने के लिए नौ साल पहले राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण अर्थात्य एनजीटी ने एक आदेश दिया था कि नदी का जहां तक बहाव है, उसका सीमांकन किया जाए। हालांकि, यमुना द्वारा गर्मी में छोड़ी गई जमीन पर कब्जा करने में न सरकारी महकमे पीछे रहे और न ही भूमाफिया। इसके बाबत एक कमेटी भी बनी थी जिसे मौके पर जाकर उस स्थान तक चिन्हित करना था, जहां अपने सम्पूर्ण यौवन पर आने के दौरान नदी का अधिकतम विस्तार होता है।

कभी किसी ने नहीं जाना कि सावन-भादों में जब नदी उफान पर होती है तो उसे तसल्ली से बहने के लिए कितनी भूमि चाहिए। न ही कभी परवाह की गई कि नदी की गहराई कम होने से किस तरह समूचा जल-तंत्र गड़बड़ा रहा है। यह बात सरकारी दस्तावेजों में जरूर दर्ज है कि यमुना नदी के दिल्ली प्रवेश वजीराबाद बैराज से लेकर ओखला बैराज तक के 22 किलोमीटर में 9700 हेक्टेयर की कछार भूमि पर अब पक्के निर्माण हो चुके हैं। इसमें से 3638 हेक्टेयर को दिल्ली विकास प्राधिकरण खुद नियमित बना चुका है। इसके अलावा वैध-अवैध अतिक्रमण हर साल बढ़ रहे हैं। समझना होगा कि अरावली से चलकर नजफगढ़ झील में मिलने वाली सहाबी नदी और इस झील को यमुना से जोड़ने वाली नैसर्गिक नहर का नाला बनना हो या फिर साकेत में खिड़की गांव का सात पुला या फिर लोधी गार्डन की नहरें, असल में ये सभी यमुना में जब कभी क्षमता से अधिक पानी आ जाता तो उसे जोहड़-तालाब में सहेजने का जरिया थीं। शहर को चमकाने के नाम पर इन सभी सदियों पुरानी संरचनाओं को तबाह कर दिया गया। अब न बरसात का पानी तालाब में जाता है और न ही बरसात के दिनों में सड़कों पर जल जमाव रुक पाता है। एनजीटी हर साल आदेश देता है लेकिन सरकारी महकमे भी कागज की नाव चलाकर उन आदेशों को पानी में डुबो देते हैं। दिल्ली में अधिकांश जगह पक्की सड़क या गलियां हैं, यहां से बरसात के पानी को झील-तालाबों तक कम से कम हानि के ले जाना सरल है।

दुर्भाग्य है कि इस शहर में बरसने वाले पानी का अस्सी फीसदी गंदे नालों के जरिए नदी तक पहुंचने में ही बर्बाद हो जाता है। नदी भी अपनी क्षमता से पचास फीसदी कम चौड़ी और गहरी रह गई है। इसमें बरसात के पानी से अधिक तो गंदा मल-जल और औद्योगिक कचरा आता है। यमुना की गहराई घटने का क्या दुष्परिणाम होता है उसके लिए वजीराबाद जल संयत्र का उदाहरण काफी है। यह संयंत्र वजीराबाद बैराज के पास बने जलाशय से पानी लेता है। जलाशय की गहराई 4.26 मीटर हुआ करती थी। लेकिन इसकी गाद को किसी ने साफ करने की सोची नहीं और अब इसमें महज एक मीटर से भी कम 0.42 मीटर जल-भराव क्षमता रह गई।

तभी 134 एमजीडी क्षमता वाला संयंत्र आधा पानी भी नहीं निकाल पा रहा। आज दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है लेकिन यह कोई तकनीकी और दूरगामी हल नहीं है। दिल्ली शहर के पास यमुना जैसे सदानीर नदी का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा है। इसके अलावा छह सौ से ज्यादा तालाब हैं जो कि बरसात की कम से कम मात्रा होने पर भी सारे साल महानगर का गला तर रखने में सक्षम हैं। यदि दिल्ली की सीमा में यमुना की सफाई के साथ-साथ गाद निकाल कर पूरी गहराई मिल जाए। इसके साथ ही सभी नाले गंदा पानी छोड़ना बंद कर दें तो महज 30 किलोमीटर नदी, जिसकी गहराई दो मीटर हो तो इसमें निर्मल जल साल भर रह सकता है। दिल्ली के हर घर को पर्याप्त जल मिल सकता है। विदित हो नदी का प्रवाह गर्मी में कम रहता है लेकिन यदि गहराई होगी तो पानी का स्थाई डेरा रहेगा। हरियाणा सरकार इस्राइल के साथ मिलकर यमुना के कायाकल्प की योजना बना रही है। इस दिशा में सिंचाई विभाग ने अपने सर्वे में पाया है कि यमुना में गंदगी के चलते दिल्ली में सात माह पानी की किल्लत रहती है।

दिल्ली में यमुना, गंगा और भूजल से 1900 क्यूसेक पानी प्रतिदिन प्रयोग में लाया जाता है। सन्त 2019 में यमुना नदी के किनारों पर एक प्रयोग किया गया था। वहां गहरे गड्ढे बनाए गए थे ताकि जब पानी एकत्र हो तो इनके जरिए जमीन में समा जाये। इसके अच्छे परिणाम भी आए लेकिन फिर उस परियोजना में जमीन से अधिक कागज पर खतियां खोदी जाने लगीं। वैसे एनजीटी वर्ष 2015 में ही दिल्ली के यमुना तटों पर हर तरह के निर्माण पर पाबंदी लगा चुका है। बेपरवाह सरकारें मान नहीं रहीं। अभी एक साल के भीतर ही लाख आपत्तियों के बावजूद सराय कालेखान के पास कई अवैध निर्माण हो गए। जान लें कि जब यमुना अविरल बहेगी तो दिल्ली भी बचेगी। दिल्ली की प्यास और बाढ़ दोनों का निदान यमुना में ही है। नदी में पानी का रहना महज जल संकट का निदान ही नहीं है बल्कि जलवायु परिवर्तन की मार के चलते गर्मी, सर्दी और बारिश से जूझने का एकमात्र निदान भी नदी का साफ पानी से लबालब होना है।

# हेमंत सोरेन की जमानत ने झामुमो में जगाई नयी आस

कृष्णमोहन झा

गत पांच माहों से जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है। झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए जो टिप्पणियां की हैं उनसे हेमंत सोरेन को जनता के बीच एक बार फिर से सिर उठाकर जाने की ताकत मिल गई है। हाईकोर्ट ने कहा है कि पूरे केस से पता चलता है कि प्रार्थी विशेष रूप से अथवा अप्र त्यक्ष रूप से 8.86 एकड़ भूमि के अधिग्रहण और कब्जे के साथ साथ ह्लअपराध की आयह्व से जुड़े होने में शामिल नहीं है। किसी भी रजिस्टर अथवा राजस्व रिकॉर्ड में उक्त भूमि के अधिग्रहण और कब्जे में प्रार्थी की प्रत्यक्ष भागीदारी का कोई संकेत नहीं है। हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के इस दावे को स्वीकार नहीं किया कि उसकी समय पर की गई कार्रवाई ने अभिलेखों में हेराफेरी और जालसाजी करके भूमि के अवैध अधिग्रहण को रोका है। झारखंड हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि प्रार्थी को जमानत देने से कोई हानि नहीं होने वाली है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जमानत पर पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को सत्य की जीत बताया है। हाईकोर्ट के इस फैसले से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं क्योंकि अब यह सुनिश्चित माना जा रहा है कि इसी साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनाव अभियान का नेतृत्व हेमंत सोरेन ही करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि हेमंत सोरेन राज्य में पार्टी का सबसे लोकप्रिय चेहरा रहे हैं। अब उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी राज्य की गांगेय विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बन चुकी हैं। निःसंदेह उनकी जीत में हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गौरतलब है कि कल्पना सोरेन ने इसी साल जनवरी में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किए जाने के बाद राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया था। गांगेय विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में उनकी जीत से यह संदेश मिलता है कि झारखंड की जनता और पार्टी कार्यकर्ता राजनीति में उनके प्रवेश के फैसले की आतुरता से प्रतीक्षा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि कल्पना सोरेन उच्च शिक्षित महिला हैं और विगत 5 माहों में झारखंड की राजनीति में उनका कद तेजी से बढ़ा है। हेमंत सोरेन के जेल में रहने के दौरान कल्पना सोरेन ने न केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं का मनोबल बनाए रखा बल्कि उन्होंने विपक्षी इंडिया गठबंधन की रैलियों में विरोधी दलों के नेताओं के साथ मंच भी साझा किया। चुनावी रैलियों में मर्यादित भाषा में संवाद अदायगी की उनकी प्रभावी शैली से विरोधी दलों के नेताओं और आम जनता के बीच जगह बनाने में उन्हें पर्याप्त सफलता मिली। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजनीति में उनकी सक्रियता से झारखंड में पार्टी का जनाधार बढ़ना तय है। वे हेमंत सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और उन्हें हर जगह अपनी प्रभावी उपस्थिति का अहसास कराने में सफलता मिल रही है। जमानत पर हेमंत सोरेन की रिहाई के बाद अब यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या उनके मन में वर्तमान मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से कुर्सी खाली करा कर पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने की महत्वाकांक्षा जाग सकती है। अभी ऐसे कोई आसार नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से उनके परिवारिक संबंध हैं और इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है कि चंपई सोरेन आगे भी पूरी तरह से हेमंत सोरेन के प्रति वफादार बने रहेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि पुनः मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभालने के बजाय हेमंत सोरेन इसी साल होने वाले झारखंड विधानसभा के चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्हें जमानत पर रिहा करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने जो टिप्पणियां की हैं वे उनका मनोबल बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। यद्यपि झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें केवल नियमित जमानत पर रिहा किया है परन्तु अब वे जनता को यही भरोसा दिलाने की पुरजोर कोशिश करेंगे कि वे पूरी तरह निर्दोष हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### थाना परिसर में लगी पाठशाला

लहलादपुरः जनता बाजार थाना परिसर में थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने पाठशाला का आयोजन किया तथा पाठशाला में उन्होंने तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि इस नये कानून में पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है तथा राजद्रोह की जगह देशद्रोह अपराध माना गया है. मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा बतायी गयी है. उन्होंने बताया कि पीड़ित अपना प्राथमिकी कहीं भी दर्ज करा सकेंगे तथा जांच की प्रगति रिपोर्ट भी पीड़ित को मिलेगी. तकनीक के इस्तेमाल पर जोर, एफआइआर, केस डायरी, चार्जशीट, जजमेंट सभी कुछ डिजिटल हो जायेंगे. तलाशी और जब्ती में आडियो वीडियो रिकार्डिंग को अनिवार्य किया गया है. इनके अलावे नये कानूनों के बहुत सारे विन्दुओं पर उन्होंने प्रकाश डाला. पाठशाला में बहुत सारे स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा सम्मानित लोगों ने भाग लिया.

### उत्साहपूर्वक मनाई गई चिकित्सक दिवस



छपरा कार्यालय। दधीचि देहदान समिति छपरा इकाई और लेट्स इंस्पायर बिहार ने संयुक्त रूप से नेशनल डॉक्टर डे बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया, डॉक्टर को धरती पर भगवान के रूप में हमेशा से मानते हैं इस प्रकार सेवा भावना से प्रेरित होकर समाज कल्याण के कार्य में इनका अहम योगदान रहा है, आज इस बिशेस दिन सहर के 11 डॉक्टर को जो समाज में हमेशा से गरीब लाचार बेबस रोगियों को आज भी मदद करते हैं उन्हे आज डॉक्टर डे के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से हरित क्रांति ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिऐ एक फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया,डॉक्टर सुधांशु शेखर, डॉक्टर निशु सिंह, संभू कुमार, महिमा पांडेय, डॉक्टर अमित रंजन, डॉक्टर कुमार विनय, डॉक्टर पार्थ गौतम, डॉक्टर ओंकार नाथ, डॉक्टर नम्रता जायसवाल को सम्मानित किया गया इस अवसर पर दधीचि देहदान समिति और लेट्स इंस्पायर बिहार के सदस्य संजीव चौधरी, प्रणव सिंह, चंदन दुबे, शशिशेखर सिंह, कामाख्या सिंह सहित सभी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई

### थानाध्यक्ष ने बैठक कर नए कनुनो के प्रावधानों की दी जानकारी

बनियापुर (सारण) थाना परिसर में नए आपराधिक कानून 2023 को लेकर एक बैठक हुई।जिस्मे नए अपराधिक कानूनों मे बदलाव व उसके प्रावधानों के बारे मे आम नागरिकों गणमान्या ,जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गयी,जिस्मे वृद्ध महिलाओ बच्चो,के लिए विशेष कर प्रावधानों की जानकारी,छीनतई,अपहरण, धोखे शादी,मोब्लिचिंग आदि के कानूनों की जानकारी दी गयी, जहा बताया गया कि इसमें नए कानून में क्या बदलाव किया गया है। कैसे, क्या करना है जीरो एफआईआर , ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने, एसएमएस के जरिए समन भेजने वीडियोग्राफी आदि पर चर्चा हुई। मौके पर मुख्यरूप से थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार, महिला थानाध्यक्ष सहित सभी थानकर्मी एएसआई तरुण कुमार, डॉ मो. इलताफ हुसैन, जिला परिषद प्रवेज आलम, मुन्ना साहू सरपंच, पूर्व मुखिया सुरेश साह, तारकेश्वर पांडे, सदाब आलम मुन्नू, डॉ शिवनारायण पटेल, उपेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई। उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित वादों में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं ससमय तथ्य विवरणी दाखिल करने का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया गया। आपदा प्रबंधन के संदर्भ में आपदा संपूर्त्ति पोर्टल पर प्रविष्टि की गई पारिवारिक सूची का शत प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। आपदा संपूर्त्ति पोर्टल पर प्रविष्ट पारिवारिक सूची का अबतक लगभग 90 प्रतिशत सत्यापन किया जा चुका है। शेष सूची का अविलंब सत्यापन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु जिन पंचायतों से भूमि की उपलब्धता का प्रस्ताव अप्राप्त है, उन पंचायतों के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को आगामी दो दिनों में सभी लक्षित पंचायतों में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, हेल्थ सब सेंटर आदि के निर्माण हेतु मशरख,बनियापुर, पानापुर, दिघवारा, सोनपुर, तरैया, इसुआपुर, अमनौर, परसा एवं दरियापुर में भूमि प्राथमिकता देते हुये चिन्हित करने का निदेश दिया गया। अमनौर में पावर सब स्टेशन के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने को कहा गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना के तहत पूर्व से जारी कार्य के तहत 15 जून तक अधिष्ठापित किये गए सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिकांश भुगतान किया गया है। इससे संबंधित शत प्रतिशत भुगतान संबंधित मुखिया के माध्यम से एजेंसी को सुनिश्चित कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को दिया गया। इस योजना के तहत सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु आगे के लिये स्थल चयन हेतु 20 एवं 21 जून को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। ग्राम सभा द्वारा पारित किये जाने के बाद समेकित सूची को प्रशासनिक स्वीकृति के साथ जिला में अविलंब उपलब्ध कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। ताकि आगे का कार्य हेतु कायार्देश निर्गत कर तेजी से कार्य कराया जा सके। 1 जुलाई 2024 से प्रभावी तीनों नये कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के आवश्यक प्रावधानों के संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों को अवगत होने को कहा गया। संबंधित कर्मियों को भी इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण देने का निदेश दिया गया। बताया गया कि प्रत्येक पंचायत में एक खेल का मैदान विकसित किया जाना है। इसके लिये पंचायतवार खेल के मैदान की जमीन को सूचीबद्ध करने को कहा गया। जिन पंचायतों में उपयुक्त जमीन उपलब्ध नहीं होगी वहाँ सतत लीज नीति के तहत जमीन ली जायेगी। सभी पंचायतों में स्पोर्ट्स क्लब के भी गठन किया जायेगा। सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से नीलाम पत्र वादों की सुनवाई करने का निदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्त्ता, जिला लोकशिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# जिले में 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जाएगा:डीसीएम



प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले में दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से चलाई जा रही है। इसके बाद 11 जुलाई से 31 जुलाई तक सभी 18 प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिले के डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता, परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी तथा योग्य दम्पतियों को इच्छित सेवा प्रदान किया जाएगा। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के बेहतर प्रबंधन एवं अन्य विभागों से समन्वय हेतु प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्बद्ध विभाग के पदाधिकारी/ सलाहकार के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। समुदाय स्तर पर आमजन को उत्प्रेरित करने में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीवका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी।

जिले का औसत प्रजनन दर 3.1:

डीसीएम राजेश कुमार ने कहा कि पश्चिमी चम्पारण जिले ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल औसत प्रजनन दर (टीएफआर) 3.1 प्राप्त किया है। इस विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रत्येक योग्य दम्पत्ति तक पहुंच और जनसंख्या स्थिरीकरण के सपने को साकार करने का संकल्प लेने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को पत्र लिखा गया है कि परिवार नियोजन सेवाओं की अनुपलब्धता, अवांछित गर्भधारण के कारण मातृ- मृत्यु दर एवं नवजात स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। अतःजनसंख्या नियंत्रण हेतु मुख्य रूप से गर्भनिरोधक, आपातकालीन स्थायी व अ स्थायी उपाय एवं परामर्श सेवाएं पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

सही उम्र में शादी, पहले बच्चे में देरी, बच्चों के बीच अंतर की जानकारी होनी जरूरीः डीपीसी

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी अमित कुमार ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु लोगों को सही उम्र में शादी, पहले बच्चे में देरी, बच्चों के बीच सही अंतर तथा छोटा परिवार के लाभ के बारे में आमजन को जागरूक किया जाएगा। वहीं माँ और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने तथा गर्भनिरोधक उपायों को अपनाने हेतु परामर्श दिया जाएगा। पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन सेवाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवा यथा- कॉपर-टी, गर्भनिरोधक सूई/एमपीए बंध्याकरण एवं नसबंदी की सेवा प्रदान करने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु सांसद, विधायक, पंचायती राज संस्था के सदस्य, शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य कर्मी एवं सिविल सोसायटी के सदस्य के साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल मीडिया चैनलों का सहयोग लिया जाएगा। जिले में जनसंख्या नियंत्रण हेतु जागरूक करना बेहद जरूरी है।

# पहली जुलाई से नया कानून हुआ लागू




## ● आईपीसी अब हुआ बीएनएस

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। सोमवार को मझौलिया थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सुनिल कुमार एवं थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने नए कानून के बारे में संयुक्त रुप से उपस्थित लोगों को जानकारी दी।उन्होंने बताया कि 1860 से लागू आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाएगा।एक तरफ पुलिस को जहां 60 से 90 दिनों के अंदर चार्य सीट दाखिल कर देना है तो दूसरी तरफ माननीय न्यायालय को भी 6 माह के अंदर फरियादी को न्याय देना अनिवार्य हो गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि अब फरियादियों को थाना में न आकर अपना आवेदन ऑनलाइन करना होगा।कानून में हुये बदलाव के अनुसार धारा 302 को 103,307 को 109,379 को 303,376 को 64,107 को 126,144को 163 के नाम से जाना जायेगा।बताते चलें कि वर्ष 2023 में निर्मित बदलाव वाले कानून को पहली जुलाई 2024 से लागू कर दिया गया है।जिसमें माननीय न्यायालय,पुलिस तथा जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी अहम हो गई है।तो फरियादियों को थाना पुलिस और कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने से बचाने का प्रयास किया गया है।इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष मनिन्दर कुमार, एस आई राजीव कुमार, सिमरन कुमारी,पूजा कुमारी, बिहारी प्रसाद निराला, अनंत कुमार, बीरबल यादव, हैदर अली, प्रमोद विश्वकर्मा, ऋषी कुमार आदि पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सरकार बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के युवकों को रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण देगी

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा । मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना के तहत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक युवाओं को रोजगार उन्मुखी कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा ' अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बिहार सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को लगभग दो दर्जन ट्रेडों में रोजगार उन्मुखी कौशल प्रशिक्षण दिए जाने की घोषणा की गई है । इसके लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया गया है, आगामी 26 जुलाई तक 18 से 45 वर्ष के बीच युवक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ' जिन ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाना है, उनमें एग्रीकल्चर मशीन रिपेयरिंग एंड मेन्टेनेंस सर्विस प्रोवाइडर, असिस्टेंट प्लंबर, ऑटोमेटिक बेबी पेंटिंग टेक्नीशियन, कंस्ट्रक्शन इलेक्ट्रीशियन, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन बेसिक, फोर व्हीलर सर्विस टेक्निशियन, जिरियाट्रिक केयर गिवर सहित लगभग दो दर्जन ट्रेड शामिल है ' मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान को लेकर बड़ी संख्या में शॉर्ट टर्म कोर्स कराई जा रही है । ऑनलाइन आवेदन समाप्ति के बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा शॉर्ट लिस्ट की सूची बनाकर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय को भेज दिया जाएगा ' तत्पश्चात उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा प्रशिक्षण के लिए सूची के अनुसार व विभागीय दिशा - निर्देश के आलोक में चयनित किया जाएगा । इन सभी ट्रेडों के लिए योग्यता सरकार द्वारा 9इँ पास से लेकर अंडरग्रैजुएट तक के छात्र आवेदन करने के पात्र होंगे इस आशय की जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के वरीय सहायक अबूलजैश ने दी।

# इनर व्हील क्लब ऑफ सारण का स्थापना सह सम्मान समारोह संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा । इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष तनु जयसवाल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह सह स्थापना दिवस का आयोजन स्थानीय होटल अशोका ग्रैंड के सभागार में किया गया ' बता दें कि संस्था के अध्यक्ष का कार्यकाल 30 जुन को समाप्त होने के साथ-साथ एक जुलाई से नए सत्र का शुभारंभ हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इनर व्हील छपरा की पीडीसी श्रीमती गायत्री आयार्नी व डिस्ट्रीक्ट एनवायरमेंट चेयरमैन, क्लब अध्यक्ष तनु जयसवाल तथा क्लब के मेंबरों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष तनु जायसवाल ने अपने एक साल में किए गए सामाजिक कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया ' उन्होंने अपने संबोधन में कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि राजेंद्र स्टेडियम पास स्टील चेयर सेड निर्माण , गरीब लड़की को कम्प्यूटर , एक गरीब व्यक्ति को परिवार का भरण-पोषण के लिए ऑटो रिक्शा आदि संस्था के माध्यम से उपलब्ध कराया गया । इसके अलावा संस्था के मध्यम से किए गए अनेकों कार्यों की जानकारी सभी सदस्यों एवं मिडिया कर्मियों को दी गई । मुख्य अतिथि गायत्री आयार्नी ने अपने संबोधन में संस्था द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसके लिए अध्यक्ष तनु जयसवाल सहित पूरी टीम को बधाई दी। अध्यक्ष तनु जायसवाल ने मिडिया कर्मियों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए आभार जताया एवं उन्हें सम्मानित किया ' साथ ही क्लब की सभी एक्सक्यूटिव मेम्बर एवं क्लब के कार्य में सहयोगियों को मेमोन्टो देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में पूर्व अध्यक्ष सुषमा गुप्ता के पिता एवं पत्रकार प्रभास रंजन को मरणोपरांत सम्मान के साथ २ मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि भी दी गई ।मंच संचालन पुर्व अध्यक्ष अनिता राज ने अपनी मधुर वाणी से किया ' इस अवसर पर अतिथि के रूप में इनर व्हील छपरा से आई पूर्व अध्यक्ष रानी सिन्हा, अध्यक्ष सरिता राय, सीजीआर मधुलिका तिवारी, रोटरी सारण से आए पुर्व अध्यक्ष पंकज कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार ,राजेश फैशन, विकास कुमार, राजकुमार गुप्ता, सचिव मनोज कुमार, रूपा गुप्ता एवं इनर व्हील सारण की सभी मेम्बर उपस्थित थी ।

# बूंदाबांदी बारिश से नगर पंचायत परसा के मुख्य बाजार की हालत बदतर,कीचड़मय सड़क से गुजरना मजबूरी

प्रात: किरण संवाददाता



परसाः-पांच दिनों से लगातार हो रही हल्की बूंदाबांदी बारिश से नगर पंचायत परसा के मुख्य बाजार की हालत नारकीय हो गई है।जिस कारण कीचड़मय सड़क से लोगों को गुजरना मजबूरी बन गई है।सबसे अधिक समस्या लोगों को बाजार से सैदपुर वाली मुख्य सड़क में हो रही है।आमजन खरीददारी करने सब्जी मंडी तथा दुर्गा मंदिर इसी मार्ग से आते जाते हैं।जिसमें कई जगहों पर फैली गंदगी एवं कीचड़ से लोगों का चलना दुष्वार हो गया है।शहरवासी रंजन कुमार,राहुल कुमार,चंदन गुप्ता,हिमांशु सोनी,उपेंद्र कुमार,प्रीतम सोनी,टिंकू सोनी,बिट्टू सोनी,संजय सोनी,उपेंद्र कुमार,राहुल कुमार,सतीश कुमार,पंकज सोनी सहित कई लोगों ने बताया कि उक्त मार्ग पर पीसीसी सड़क ढलाई तो करा दिया गया,लेकिन लोगों के घरों का गंदा पानी एवं वर्षा के पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गयी।आलम यह है,कि हल्की बारिश में ही उक्त सड़क में जलजमाव की समस्या हो जाती है।यदि सड़क किनारे नाला निर्माण करा दिया जाता तो लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना नहीं पड़ता।बाजार जाने वाली तीन मुख्य सड़क वर्तमान में पूरी तरह कीचड़मय हो गया है।इन तीनों सड़कों में जलजमाव से आमजन बेहद परेशान है।नगर पंचायत परसा बाजार के वार्ड 12 के व्यवसायियों ने बताया कि जलजमाव से एक ओर जहां बाजार में लोगों को दुकान लगाने में परेशानी हो रही है तो वहीं लोगों को पैदल चलना भी बेहद मुश्किल हो गया है।सड़कों पर बारिश के पानी का जमाव होने से स्थानीय लोगों को मंदिर एवं मस्जिद जाने में भी काफी परेशानी हो रही है। मुख्य बाजार स्थित मुख्य सड़क में जलजमाव से खरीदारी के लिए आए लोगों को एवं सफर करने वाले दर्जनों वाहनों को मुसीबत का सामना करना पर रहा है। बारिश के कारण बाजार के मुख्य सड़क के किनारे जहां-तहां फेंके गए कचरे से निकलने वाली दुर्गंध से भी लोगों की परेशानी बढ़ी है। साथ ही मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी में भी बारिश के कारण जलजमाव व कीचड़ से नारकीय स्थिति हो गई है।सब्जी दुकानदार व खरीदारी करने आए ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पर रहा है।सड़क पर कीचड़ के कारण लोग फिसलकर गिरते रहे हैं।खासकर वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

# चिकित्सकों को समाज में भगवान का दर्जा दिया है : डॉ नीला सिंह



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। चिकित्सा को नोबल पेशे के रूप में जाना जाता है और चिकित्सकों को समाज में भगवान का दर्जा दिया गया है।चिकित्सकों को हमारे समाज का सुपरहीरो भी कहा जाता है उक्त बातें डॉक्टर्स डे के अवसर पर सारण नर्सिंग होम में डॉक्टर नीला सिंह ने कहा।डॉ० नीला ने कहा कि कोरोना महामारी से लेकर किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संकट में डॉक्टर्स समाज के लिए ढाल बनकर खड़े रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के युवा इकाई के सदस्यों ने सारण नर्सिंग होम में पहुंच डॉ० नीला सिंह को डॉक्टर डे के अवसर पे बधाई दी।रेड क्रॉस सदस्य अमन ने बताया कि शहर में डॉ० नीला सिंह सही मायने में डॉक्टर के रूप में ईश्वर का रूप है। गरीब से गरीब इंसान भी आसानी से इनसे बेहतर चिकित्सा सलाह ले सकता। डॉ० नीला रेड क्रॉस सोसाइटी सहित शहर के अन्य समाजिक संगठन में जुड़के समाज सेवा में अपनी अहम भुमिका निभाती है।

# नये आपराधिक कानून को लेकर किया गया जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता

परसाः-नये अपराधिक कानून की जानकारी जन जन तक दिये जाने को लेकर परसा थाना परिसर में जन जागरूकता अभियान के तहत थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी।उन्होंने नये अपराधिक कानुन की जानकारी को लेकर थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत क्षेत्रो से आयें जनप्रतिनिधियों से लेकर आम जनता के बीच कानून के नये प्रावधानों के बारे मे जानकारी दी ।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने एक एक पहलुओं पर चर्चा के दौरान धाराओं मे 442,445 तथा 447 को भारतीय नयाय संहिता 330 मे समाहित किया गया है तीनो धाराओं के तहत गृह अतिचार,गृह भेदन व अपराधिक अतिसार की अलग-अलग धाराए थी जिसे धारा 330 किया गया है।धारा 420 को 318 ,धारा 302 को 103 के रूप मे जाना जाएंगा।18 वर्ष से नीचे के साथ दुष्कर्म करने वालों को आजीवन कारावास,साथ ही बताया गया कि प्रत्येक वकीलों को 02-06 जुलाई को विशेष प्रशिक्षण देने का शैड्यूल बनाया गया है ।इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता,सरपंच जनार्दन कुमार,सरपंच प्रतिनिधि मंसूर आलम,राजेश शर्मा,रौशन कुमार,मुखिया अभय कुमार गुड्डू,संजीव सिंह,सुनील कुमार राम, रंजीत कुमार,राजेश राय , पूर्व मुखिया अख्तर हुसैन,राजेंद्र राय,नगर वार्ड पार्षद करमुल्लाह,सुधांशु कुमार उर्फ खड्डूलाल सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# सोलर पैनल खरीदने के लिये सरकार द्वारा दी जा रही है सब्सिडी

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना के तहत आवेदकों को रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने हेतु अनुदान दिया जायेगा। इस योजना के तहत सम्पूर्ण देश मे एक करोड़ लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिये वेबसाईट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके तहत अलग अलग क्षमता के सोलर पैनल लगाये जा सकेंगे।300 यूनिट बिजली आवेदक लाभार्थी को फ्री में दी जायेगी। 1 किलोवाट सोलर सिस्टम के लिए 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट सोलर सिस्टम के लिए 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट सोलर सिस्टम के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी का प्रावधान है। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज विद्युत विभाग के अभियंताओं को इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने का निदेश दिया।

# डेरनी थाना में नागरिकों को नए कानूनों की दी गई जानकारी




प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर।डेरनी थाना परिसर में एक बैठक आयोजित की गई।जिसमे थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सम्मन,संगठित अपराध, अपहरण,धोखे से शादी जैसे कई कानूनों में किए गए संशोधन की जानकारी दी गई। वहीं थानाध्यक्ष द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों,मीडियाकर्मियों तथा स्माजसेवियो से अपराध पर नियंत्रण करने में सहयोग करने की अपील की।इसके साथ ही फरियादियों को निर्भीक रूप से थाना में आकर शिकायत करने की सलाह भी दी।इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,लक्ष्मी महतो,सरपंच अमित कुमार,विजय भगत,मुखिया सुनील राय,भाकपा नेता डा0 के एन सिंह,उपेंद्र यादव,पूर्व मुखिया उपेंद्र राय,रंजीत कुमार, समाजसेवी सुमंत तिवारी,मोनू सिंह समेत दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी हुई तेज

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोग अदालत की सफलता को ले जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चंपारण बेतिया प्रजेश कुमार के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अमरेंद्र कुमार राज ने आज जिला जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक के साथ विशेष बैठक की। बैठक में सचिव द्वारा जिला सूचना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सार्वजनिक जगह पर अधिक से अधिक बैनर लगावे तथा प्रचार रथ के माध्यम से भी प्रचार करने ताकि आमजन में इस नेशनल लोक अदालत के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जा सके। वहीं जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नीलम से संबंधित वादों में अधिक से अधिक नोटिस करें ताकि अधिक से अधिक वादों का निपटारा किया जा सके। तथा अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वे सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देशित करें कि वह अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करें तथा उन्हें सुलह हेतु तैयार करें। मौके पर अनंत कुमार जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक उपस्थित रहे।

# तीन नए कानून को लेकर थाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)।सोमवार को मनुआपुल थाना परिसर में थानाध्यक्ष नरेश कुमार सिरिसिया थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी के नेतृत्व मे तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बैठक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग सामिल रहे ।थानाध्यक्ष ने नए कानून के बारे में बताते हुए कहा कि इस बैठक का उधेश्य यह है की, एक जुलाई से लागू होने वाले आपराधिक प्रकिया तय करने वाले तीन नए कानूनों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकी से लेकर फैसले तक समय सीमा में बाधा गया हैं ।प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर फैसला की सुनवाई तक समय सीमा तय है ।पिडिता द्वारा आनलाइन डिजिटल केस करने के लिए कहीं से किया जा सकता हैं,। लेकिन 72 घंटे के अंदर आवेदन पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। जो सीमित समय में फाइनल होगा । मांब लिंचिग मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा है । पिडीता द्वारा किसी भी थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं। तलाशी जप्ती सूची का आंडियो विडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य हैं । तकनीकी के इस्तेमाल पर प्राथमिकी, कैश डायरी, चार्ज सिट जजमेंट सभी होगी। डिजिटल के माध्यम से गलत कैस करने वाले भी नही बख्शा जायेंगे । सभी डिजिटल केस आनलाइन से उसकी की स्थिति कि जानकारी मिलते रहेंगी। जिससे सभी को सहुलियत मिलेगी ।इस मौके अपर थानाध्यक्ष कार्वेन्द्र पासवान, मुखिया मुन्ना तिवारी,शिवम कुमार उर्फ राजा बाबू,सरपंच प्रतिनिधि छबिलाल महतो, योगेन्द्र महतो, समेत बड़े संख्या में बुद्धिजीवी व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण अभियान



आरा। जल, जंगल, जमीन बचाना जरूरी - सुदामा बिहिया - डॉक्टर डे के अवसर पर बिहिया प्रखंड के विभिन्न गांवो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया वृक्षारोपण अभियान, इस दौरान बनाही, रुद्रनगर, एवं जोगीविर गांव मे एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आम, कटहल, पीपल, बरगद आदि के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सम्मिलित पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि विकासशील देश होने के नाते भारत के सामने इस बात की चुनौती है कि वह विकास के साथ ही साथ पर्यावरण पर इसके न्यूनतम दुष्प्रभाव के बीच संतुलन बनाए रखे। भारत के सामने प्रदूषण नियंत्रण, जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाना, अपनी जैव विविधता का संरक्षण और सतत विकास जैसी कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं। जिसका निवारण जल जंगल और जमीन की संरक्षण है , वृक्षारोपण का नेतृत्व भाजपा नेता राकेश तिवारी अटल ने किया, कार्यक्रम में नित्यानंद ओझा, मुन्ना तिवारी, कमल सिंह सहित दर्जन भर लोगों ने भाग लिया।

### बंदेया थानाध्यक्ष को शोकोज

औरंगाबाद एल। किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने बंदेया थाना कांड संख्या-20/17, जेजेबी केस नम्बर-635/18 में सुनवाई करते हुए बंदेया थानाध्यक्ष को शोकोज किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामला सात साल पुरानी है। मगर बोर्ड द्वारा अनेकों बार पत्रचार करने के उपरांत भी आज तक आरोप पत्र किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद में दाखिल नहीं किया गया है जो किशोर न्याय अधिनियम के उद्देश्य के विरुद्ध है और बोर्ड के आदेश का अवहेलना है। अतः दस दिन के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब दें अन्यथा बोर्ड द्वारा वेतन रोकने का आदेश जारी किया जा सकता है।

### प्रभावी ढंग से तीनों नए कानून लागू करने के प्रति प्रतिबद्ध है सारण पुलिस

छपरा कार्यालय।01.जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून पूरे देश में प्रवर्तन में आ गए हैं। तीनों नए आपराधिक कानून, यथा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सारण पुलिस पूरी तरह से तैयार है। नए आपराधिक कानून में हुए महत्वपूर्ण बदलाव एवं कानूनी अधिकारों से नागरिकों को अवगत करने हेतु आज दिनांक 01.07.2024 को सारण जिले के सभी थानों में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इन कानूनों को लागू होते ही भारतीय न्याय संहिता (इठर) के अंतर्गत जिले में अबतक कुल - 05 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। इसमें मध्यरात्रि में नए कानून के प्रवर्तन के ठीक बाद, 00:20 बजे रिविलगंज थाना मे, पूर्वाहन 07 बजे पानापुर थाना मे, नगर थाना में दो प्राथमिकी क्रमशः पूर्वाहन 08:10 एवं 08:45 बजे तथा मढ़ौरा थाना मे अपराह्न 12:20 बजे दर्ज प्राथमिकी शामिल है।

### 1 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

परसा।गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसा शंकरडीह में छापेमारी करते हुए शराब कांड के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया।उक्त गिरफ्तार अभियुक्त परसा थाना क्षेत्र के परसा शंकरडीह निवासी मोहन नट का पुत्र सुरेंद्र नट बताया जाता है।

### रोटरी मानपुर के द्वारा डॉ को किया गया सम्मानित

गया। गया जिला के मानपुर मे डॉक्टर्स डे अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ मानपुर के सदस्यों ने डॉक्टर अनुराग कुमार डॉ प्रमोद कुमार सिंह डॉ प्रभात अखौरी और डॉ शिवनाथ कुमार पांडेय को सम्मानित किया जिसमें अध्यक्ष रोटेरियन विजय मेहता, पूर्वा अध्यक्ष नवीन कुमार जितेंद्र कुमार विकाश कुमार संतोष कुमार राजीव रंजन और आशीष कुमार सम्मिलित हुए हैं।

# छात्र - छात्राओं के बीच किया गया प्रमाण पत्र-वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय नागरिक प्रचारिणी सभागार में बिहार सरकार के सात निश्चय के अंतर्गत स्थापित कुशल युवा कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र - छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र-वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मेयर आरा नगर निगम इंदु देवी, जिला एंप्लॉयमेंट ऑफिसर नूर अहसन एवं अनीश तिवारी, जिला कौशल प्रबंधक राकेश कुमार एवं संजय कुमार, संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर मालती गुप्ता, सचिव सत्य प्रकाश, निदेशक विकास कुमार, उम्मीद ट्रस्ट के चेयरमैन नवाज शरीफ, डीआरसीसी के संजय कुमार, जैन कन्या की प्रधानाचार्या, अमीरचंद गर्ल्स हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल के प्रधानाचार्य आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में 2023–24 बैच के दो टॉपर रुद्र प्रताप राय और अंकिता कुमारी को लैपटॉप, छात्रवृति, शील्ड, मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। बेहतर परफॉर्मेंस अवॉर्ड 3 छात्रों को यश राज कुमार, अरिहंत जैन और सृष्टि कुंज को 10,000 रुपए का चेक, छात्रवृति, शील्ड, मोमेंट, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। 1000 छात्रों में से 50 छात्रों को कक्षा में 100% उपस्थिति के लिए बेस्ट अटेंडेंस अवॉर्ड दिया गया।

माननीय मेयर इंदु देवी ने कहा कि संस्था प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर छात्रों का मनोबल लगातार बढ़ाने का काम करती है जिसके लिए यह संस्था धन्यवाद की पात्र है। बच्चे ही हमारा कल के भविष्य हैं और कंप्यूटर का ज्ञान आजकल छात्रों के लिए अति आवश्यक है। बिना कंप्यूटर ज्ञान के आज के छात्र शून्य हैं। आज इस अवसर पर उम्मीद ट्रस्ट के तरफ से छात्र-छात्राओं को निःशुल्क उच्च शिक्षा देने को लेकर छात्रों का करियर काउंसलिंग भी किया गया। उम्मीद ट्रस्ट के चेयरमैन नवाज शरीफ ने कहा कि ट्रस्ट विगत कई वर्षों से छात्रों को हायर एजुकेशन दिलाने का काम कर रहा है। हजारों छात्र ट्रस्ट से जुड़कर अपने सपने को पूरा कर रहे हैं। बिहार झारखंड से बाहर छात्रों को देश के बड़े कॉलेजों में एडमिशन दिलाकर उनके फीस की पूरी जिम्मेदारी लेने का काम उम्मीद ट्रस्ट कई सालों से कर रहा है।

## नए आपराधिक कानून को ले कोइलवर थाने में नागरिकों के साथ किया गया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। सोमवार 1 जुलाई 2024 से देशभर में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून को लेकर कोइलवर थाने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह के द्वारा स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित कर तीनों नये आपराधिक कानून की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि नए कानून में नागरिक घटनास्थल या उससे परे कहीं से भी FIR दर्ज करा सकते हैं पीड़ित, FIR की एक निःशुल्क प्रति प्राप्त करने के हकदार हैं। वहीं पुलिस द्वारा पीड़ित को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति के बारे में सूचित करना अनिवार्य है। महिला अपराध की स्थिति में 24 घंटे के अंदर पीड़िता की सहमति से उसकी मेडिकल जांच की जाएगी। साथ ही 7 दिनों के अंदर चिकित्सक उसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे। अभियोजन पक्ष की मदद के लिए नागरिकों को खुद का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है। BNS की धारा 396 एवं 397 में पीड़ित को मुआवजे और मुफ्त इलाज का अधिकार दिया गया है। इठर की धारा 398 के अंतर्गत गवाह संरक्षण योजना का प्रावधान है। केस वापसी के पहले न्यायालयों को पीड़ित की बात सुनने का अधिकार दिया गया है। वहीं कोर्ट में आवेदन करने पर पीड़ितों को ऑर्डर की निःशुल्क कॉपी प्राप्त करने का अधिकार मिला है। कानूनी जांच, पूछताछ और मुकदमे की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित करने का प्रावधान है। न्याय प्रणाली में टेक्नोलॉजी पर जोर दिया गया है क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के सभी चरणों का डिजिटल रूपांतरण किया गया है, जिनमें ई – समन, ई– नोटिस, इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज प्रस्तुत करना और ई– ट्रायल शामिल हैं। पीड़ित ई–बयान दे सकते हैं।

## प्रख्यात शिक्षाविद माधव सिंह की चौथी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



माँझी। माँझी प्रखण्ड के ताजपुर स्थित सुधा माधव डिग्री कॉलेज परिसर में सोमवार को इंटर कॉलेज के संस्थापक सचिव व प्रख्यात शिक्षाविद माधव सिंह की चौथी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। स्व सिंह के ज्येष्ठ सुपुत्र सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने स्व सिंह के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा कर याद ताजा किया। वक्ताओं ने स्व सिंह को ओजस्वी कवि तथा वास्तविक समाजसेवी बतलाया। इससे पहले लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजली कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर कॉलेज के व्याख्याता मंसूर आलम की पुत्री डॉ जीनत प्रवीण की मेडिकल की डिग्री हासिल करने पर उन्हें फूलमाला तथा अंगवस्त्र आदि से सम्मानित किया गया। समारोह को पूर्व मुखिया सुरेन्द्र कुमार सिंह,पूर्व उप प्रमुख राम कृष्ण सिंह,पूर्व प्राचार्य प्रो जनार्दन सिंह,प्रो संतोष सिंह,बशिष्ठ सिंह,जयराम सिंह,अरुण सिंह तथा बिनोद सिंह आदि ने सम्बोधित किया। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य अरविन्द कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो ग्रामीण सम्मिलित हुए।

## जन्म के बाद नवजात शिशु का रोना भी है आवश्यक : डॉ. अखिलेश कुमार



परसाः–नवजात अगर आपके घर में जन्म ले रहा है और आधे घंटे के अंदर अगर रोने की आवाज नही निकले तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लेना आवश्यक है उक्त बाते शिशु रोग विशेषज्ञ डा.अखिलेश कुमार ने परसा स्थित लाइफ हेल्थ केयर हॉस्पिटल उदघाटन समारोह के दौरान कही।उन्होंने कहा कि इस चिकित्सीय सेंटर पर शिशु को सभी टीकाकरण के अलावे समुचित इलाज की व्यवस्था की गई है।वही पूर्व जिलापार्षद नंद किशोर राय ने कहा कि नवजात को उपचार हेतु अब लोगो को परसा में भी शहरों जैसी सुविधा उपलब्ध होगी।इससे समय और पैसे की बचत होगी।मौके पर पूर्व जिला पार्षद नंद किशोर राय, शिक्षक चंद्रिका राय,पूर्व मुखिया अख्तर हुसैन,रामलगन साह,डा.सुनील कुमार,अशोक कुमार,अरुण कुमार,विजय कुमार राय,जवाहर राय आदि मौजूद थे ।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी हुई तेज

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) ।आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोग अदालत की सफलता को ले जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चंपारण बेतिया प्रजेश कुमार के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अमरेंद्र कुमार राज ने आज जिला जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक के साथ विशेष बैठक की। बैठक में सचिव द्वारा जिला सूचना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सार्वजनिक जगह पर अधिक से अधिक बैनर लगावे तथा प्रचार रथ के माध्यम से भी प्रचार करने ताकि आमजन में इस नेशनल लोक अदालत के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जा सके। वहीं जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नीलम से संबंधित वादों में अधिक से अधिक नोटिस करें ताकि अधिक से अधिक वादों का निपटारा किया जा सके। तथा अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वे सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देशित करें कि वह अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करें तथा उन्हें सुलह हेतु तैयार करें।

## नए आपराधिक कानून की जानकारी को लेकर सिमरी थाना में आम लोगों के बीच कार्यशाला आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।नए आपराधिक कानून को आम नागरिक के बीच केन्द्रित बनाने को लेकर पुलिस ने सकारात्मक पहल की है। सिमरी थाना परिसर पर जागरूकता अभियान के साथ जनप्रतिनिधि ,राजनितिक दल के साथ संवाद स्थापित कर न्याय व कानून प्रणाली से आम लोगों को अवगत कराया गया।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष बिरेन्द चौधरी की अध्यक्षता में राष्ट्र गान के बीच तीन नए आपराधिक कानून पर विशेष रूप से चर्चा कर डिजिटल तकनिकी की जानकारी दी। उन्होंने कहा नए आपराधिक कानून की धाराओं के अनुसार केस दर्ज करने की प्रशासनिक तैयारी थाना स्तर से करली गई है।पीनल कोड ( आइपीसी)की पहली जुलाई से नए आपराधिक कानून की धाराओं के अनुसार केस दर्ज करने की प्रशासनिक तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि थाना स्तर के सभी पदाधिकारी और अनुसंधानकर्ता को नए कानून का प्रशिक्षण पूरा हो गया है।तीन नए कानून पहली जुलाई से प्रभावी करने को लेकर आम लोगों के बीच सजगता की आवश्यक्ता है। नये प्रावधान के अनुसार इंडियन पीनल कोड ( आइपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस) क्रिमिनल प्रोसिजर कोड( सीआरपीसी) के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ( बीएन एस एस)और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।पुलिस की जांच प्रक्रिया व कोर्ट ट्रायल में अब बदलाव होगा।हत्या मामले में आइपीसी की धारा 302 की जगह अब 103 बीएनएस एवं दुष्कर्म में 376 की जगह 64 बीएन एस लगाई जाएगी।पहली जुलाई से इस तरह का मुकदमा नए कानून के तहत ही अनुसार दर्ज होगा।पूर्व से दर्ज सभी केसों की जांच और न्यायलय में सुनवाई पूराने कानून व प्रावधान के अनुसार होगा।मालूम हो कि आपीसी में 511धाराएं थी।जिन्हें नए कानून बीएनएस में घटाकर 358 कर दिया गया है।नए कानून के तहत अब फरियादी किसी भी थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं।क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के चरणों का डिजिटल रूपांतरण किया गया है।इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज प्रस्तुत करना और ट्रायल शामिल है।पीड़ित ई–ब्यान दे सकते हैं।

## डूबने से होने वाले मृत्यु के रोकथाम हेतु जन-जागरूकता सप्ताह का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार पटना के द्वारा डूबने से होने वाली मृत्यु की रोकथाम हेतु 24 जून से 30 जून तक ह्रजन–जागरूकता सप्ताह आयोजित करने के निदेश के आलोक में सारण जिला में कार्यरत एसडीआरएफ टीम के द्वारा जिले के विभिन्न विधालयों में शिक्षकों एवं बच्चों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान खतरनाक घाटों के किनारों पर लोगों को नहीं जाने, बच्चों को पुल/पुलिया/ ऊँचे टीलों से कूद कर पानी में स्नान करने से रोकने, गहराई में नहीं जाने, अगर स्वयं तैराकी नहीं आती है तो नदी घाटों में स्नान के लिए ना जाएं आदि विषय पर लोगों को जागरूक किया गया ।डूबने की घटनाओं की रोकथाम हेतु जानकारी देते हुए बताया गया कि डूबे हुए व्यक्ति को पानी से निकालने के बाद तत्काल प्राथमिक उपचार करते हुए सबसे पहले यह देखें कि यदि व्यक्ति के मुंह और नाक में कुछ फंसा हुआ है तो निकाल दें। नब्ज की जांच करें, अगर नब्ज चल रही हो तो डूबे हुए व्यक्ति के मुंह में स्वयं का मुंह लगाकर दो बार भरपूर सांस दें एवं छाती के बीच 30 बार दबाव बनावें ताकि उसकी सांसे वापस आ जाएं। अगर डूबे हुए व्यक्ति का पेट फुला हुआ हो तो उसके पेट से पानी निकाले। मूर्छा या बेहोशी आने पर पुनः सांस देने व छाती में दबाव बनाने की प्रक्रिया चालू रखें। आवश्यक होने पर डॉक्टर या प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर ले जाने के लिए स्थानीय स्तर पर जो भी संसाधन उपलब्ध हो उसका प्रयोग करें या 112 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस की सहायता प्राप्त करें।

## आपराधिक कानून में लाये गए बदलाव से आम लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



माँझी ।दाउदपुर ।सारण। सरकार द्वारा आपराधिक कानून में लाये गए बदलाव से आम लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार राम द्वारा सोमवार को दलन सिंह उच्च विद्यालय परिसर में तथा दाउदपुर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार द्वारा दाउदपुर पंचायत भवन परिसर में मुखिया अभिषेक कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोगों की मौजुदगी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने दलन सिंह उच्च विद्यालय के छात्र–छात्राओं व अन्य सामाजिक कार्यकताओं को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा आपराधिक कानून में कुछ संशोधन व धाराओं में कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गए है। भारतीय दंड संहिता को हटाकर अब उसका नाम भारतीय न्याय संहिता कर दिया गया है। देशद्रोह का केस अब धारा 124 की जगह 152, हत्या का केस अब धारा 302 नहीं 103 (1) में दर्ज होगा। वहीं हत्या का प्रयास धारा 307 की जगह 109, दुष्कर्म में धारा 376 की जगह 63 दर्ज होने समेत कई नई व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अब घर बैठे व्हाट्सएप और ईमेल के जरिये भी एफआईआर दर्ज कराया जा सकता है। हत्या हो या लूट,चोरी हो या फिर मारपीट सभी घटनाओं में कानून की धाराएं बदल दी गई हैं। जिसकी जानकारी आम जनता को भी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता के साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू कर दिया गया है। भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी) अब भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस) कहलाएंगी। पहले आईपीसी में 511 धाराएं थी। लेकिन बदलाव के बाद भारतीय न्याय संहिता में अब मात्र 358 धाराएं ही होंगी। धाराओं का क्रम बदला गया है। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। जबकि नए कानून में अब 531 धाराएं होंगी। भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नाम से जाना जाएगा। माँझी थाना पुलिस द्वारा आयोजित शिविर में मांझी थाने की एसआई आरती कुमारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने क्रमशः स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया का दुरुपयोग नही करने के साथ साथ खुद अपराध न करने और अपराध करने वालों का कभी साथ नही देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें संकल्प दिलाया। पदाधिकारियों ने आम लोगों की सहायता में पुलिस की भूमिका की जानकारी से भी अवगत कराया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर ओझा,रंजन शर्मा,भोली खां तथा अन्नू खान समेत सैकड़ो छात्र व छात्राएं मौजूद थीं। इससे पहले थाना परिसर में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित कर लोगों को कानून में बदलाव की पुख्ता जानकारी दी गई। बैठक में दर्जनों गणमान्य व पँचायत प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## शिक्षा के बल पर बाबा नागार्जुन ने विश्व में की ख्याति प्राप्त : विधायक

प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर। शिक्षा के बल पर ही बाबा नागार्जुन ने विश्व में ख्याति प्राप्त की तथा शिक्षा ही लोगों को गरीबी से निकल सकता है। तरौनी गांव में बाबा नागार्जुन के जयंती कार्यक्रम की शाम कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन के बाद विधायक सह जदयू प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने अपनी मां के बारे में स्वयं एवं अन्य भाई को पढ़ाने में निभाने वाली भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि माता चाह ले तो बच्चा शिक्षा जगत में परचम लहरा देगा। उन्होंने सभी माता को बच्चों को शिक्षित करने का अपील किया। कहा आप बच्चों को शिक्षित करेंगे तो वही बच्चा आपका गरीबी दूर कर सकता है। आपको सरकार से मिलने वाली लाभ के लिए प्रतीक्षा में नहीं रहना पड़ेगा। आपका बच्चा ही आपको हर चीजों की भरपाई शिक्षित होने पर जरूर करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को प्रतिदिन पढ़कर ही विद्यालय जाना चाहिए जो शिक्षक पढ़कर विद्यालय जाएंगे, वे बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। बिना पढ़कर विद्यालय जाने से समुचित शिक्षा बच्चों को नहीं मिल पाएगा। विधायक ने कहा कि इस गांव में प्रशासन द्वारा जयंती कार्यक्रम को सफल संचालन की जा रही है जो सराहनीय है। विधायक ने कहा कि बाबा नागार्जुन के मैथिली किताब को सभी लोग अनिवार्य रूप से खरीदें।

## सेमिनार आयोजन कर नए आपराधीक कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी गई

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिले के विभिन्न थाना में सेमिनार का आयोजन कर नए आपराधीक कानून के बारे में दी गई जानकारी, नए कानून को लेकर सदर थाने में सेमिनार का आयोजन किया गया है। नए कानून को लेकर विशेष जानकारी देते पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील, शहर तेलपा थाना परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष लाडली खातून के नेतृत्व में नए आपराधिक कानून को लेकर जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को नए कानून से संबंधित लोगों को जनकारी दिया गया ,देश के टॉप टेन आदर्श थाना रामपुर चौरम थाना परिसर में थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार व अपर थाना अध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में देश के नए आपराधिक कानून लागू होने के उपलक्ष्य पे जनप्रतिनिधि समाजसेवी व आम जनता के बिच में जानकारी देते थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार एवं अन्य सभी थाना मे सेमिनार का आयोजित कर नए आपराधिक कानून के बारे मे जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकताओं को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा आपराधिक कानून में कुछ संशोधन व धाराओं में बदलाव किया गया है।

भारतीय दंड संहिता को हटाकर भारतीय न्याय संहिता में देशद्रोह का केस अब धारा 124 की जगह 152, हत्या का केस अब धारा 302 नहीं 103 (1) में दर्ज होगा। वहीं हत्या का प्रयास धारा 307 की जगह 109, दुष्कर्म में धारा 376 की जगह 63 दर्ज होने समेत कई व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि घर बैठे व्हाट्सएप और ईमेल से भी एफआईआर दर्ज कराया जा सकता है। हत्या हो या लूट, चोरी हो या फिर मारपीट सभी घटनाओं में कानून की धाराएं बदल गई हैं। जिसकी जानकारी आम जनता को होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता के साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू कर दिया गया है। भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी) अब भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस) होगी आईपीसी में 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होंगी। धाराओं का क्रम बदला गया है। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। नए कानून में अब इसमें 531 धाराएं होंगी। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नाम से जाना जाएगा। इस दौरान मांझी थाने की एसआई आरती कुमारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया का दुरुपयोग नही करने व खुद जुर्म न करने और जुर्म करने वालों का कभी साथ नही देने के लिए प्रेरित किया तथा सभी नागरिकों की सहायता में पुलिस की भूमिका की जानकारी दी।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज

परसा ।स्थानीय थाना क्षेत्र के फतेपुर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के ओर से थाने में लिखित आवेदन देकर एक दर्जन से अधिक लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.प्रथम पक्ष से गंगा राय की पत्नी उषा देवी ने लिखित आवेदन देकर आठ पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है. जबकि दूसरे पक्ष से भवानी राय ने लिखित आवेदन देकर आरती कुमारी समेत चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस से मामले की छानबीन में जुट गई है.वहीं प्रसादी मे गाली गलौज देने से मना करने पर अजय राय समेत 10 लोगों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया था. जिसको लेकर तारकनाथ ने थाना में लिखित आवेदन देखकर अजय कुमार समेत 10 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## बिना जनसुराज का बिहार का विकास संभव नहीं

गया। गया शहर के टिल्हाधर्मशाला के समीप एक निजी आवास के परिसर में जन सुराज विचार मंच की एक बैठक आयोजित की गई है।इस बैठक में सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता , प्रबुद्ध जनों ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ज के विचारधाराओं से प्रभावित होकर भाग लिया है। इस बैठक को संबोधित करते हुए गया नगर निगम के जनप्रतिनिधि संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रशांत किशोर बिहार समेत पूरे देश में सबका मान –सबका विकास की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहें हैं। उन्होंने कहा कि हम जन सुराज से जुड़कर बिहार के बेहतर विकास के लिए बेहतर विकल्प बन सकते हैं। इस बैठक में वक्ताओं ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के विचारधारा को मजबूत करने और बिहार से जाति और धर्म के नाम पर विकास बाधित करने को लेकर संवाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश कुमार ने कहा कि देश की राजनीति जातियों में सिमट कर रह गई है। यही कारण है कि देश की व्यवस्था कमजोर हो रही है। जब तक हर व्यक्ति जात पात से उठकर राजनीति में अपना योगदान नहीं देगे, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में जन सुराज मंच की विचारधारा को आगे लेकर चलना चाहिए। इसके साथ ही बैठक को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अंजनी वर्मा ने कहा अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर के प्रयास का समर्थन करते हुए कहा की बिहार से ही बिहार व देश को सकारात्मक बदलाव की कोशिश होगी, जो स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर के विचारधाराओं को युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों का समर्थन मिलेगा। बताया कि बिहार में कृषि, शिक्षा ,रोजगार , उद्योग आदि मामले में जिला से लेकर राज्य तक अपेक्षा की जानकारी जमीनी स्तर पर प्रशांत किशोर जी को है। उपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर एक चर्चित राजनीतिक व रणनीतिकार है। उनके साथ अच्छे व शिक्षित लोगों की समर्पित सशक्त टीम है। बिहार को लेकर उनका दृष्टिकोण साफ है। हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।इस बैठक में शामिल अधिवक्ता कमलेश दास ने कहा कि अंधेरे के खिलाफ उजाला जरूरी है। जन सुराज विचार मंच के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक नई रोशनी देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे लोगों को राजनीति में आना जरूरी है। पुराने राजनीतिक दलों के लोगों को वोट देने पर वह बदल जाते हैं। जिससे आम जनता को निराशा होती है। ऐसे में अच्छे लोगों को आगे आना जरूरी है।

## महिलाओं के जीविकोपार्जन के लिए त्रैमासिक प्रशिक्षण शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

आरा ( भोजपुर)सोमवार को अंधेरी हिल्फ परियोजना के तहत भोजपुर महिला कला केंद्र द्वारा आरा प्रखंड के लक्षणपुर गाँव में दलित और महादलित समुदाय की महिलाओं और किशोरियों के लिए त्रैमासिक सिलाई, कटाई और कुशन निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय महामहिम राष्ट्रपति से नारी शक्ति सम्मान प्राप्त श्रीमती अनिता गुप्ता (सचिव), श्रीमती गीता देवी (कोषाध्यक्ष), परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार, और मास्टर ट्रेनर रिंकू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के दौरान श्रीमती अनिता गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण तीन महीने तक चलेगा, जिसमें सिलाई, फ्रॉक सिलाई, साडी में फॉल लगाना, पिको करना, सुजनी, कुशन, भोजपुरी सुजनी निर्माण और नए डिजाइन के ब्लाउज बनाने का कौशल सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कौशल को अधिक से अधिक विकसित करने के लिए भविष्य में और भी प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार ने अंधेरी हिल्फ परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से महिलाओं और किशोरियों का आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, जिससे वे स्वयं का रोजगार सृजन कर सकेंगी। प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रमाणपत्र दिया जाएगा।



# भारतीय महिला टीम की बड़ी जीत

## एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच में सोमवार को यहां चौथे और आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से शिकस्त दी। भारतीय जीत में शेफाली वर्मा और स्नेह राणा का अहम योगदान रहा। शेफाली ने पहली पारी दोहरा शतक जड़ा जबकि राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए।

शेफाली की 197 गेंद में 205 रन और पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर पारी घोषित की। टीम ने राणा की शानदार फिरकी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को 266 रन पर समेट दी। भारत ने पहली पारी में 337 रन की बढ़त लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन करया। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लॉरा वुलवार्ट (122) और पूर्व कप्तान सुने लुस (109) की शतकीय पारियों के बाद मध्यक्रम की बल्लेबाज नादिने डि क्लर्क की 61 रन की पारी के दम पर 373 रन बनाकर भारत को जीत के लिए 37 रन का लक्ष्य दिया। शुभा सतीश (नाबाद 13) और शेफाली (नाबाद 24) ने 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के जीत की औपचारिकता पूरी की। भारतीय टीम ने इससे पहले तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया था। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का आगाज पांच जुलाई से होगा।

# बारबाडोस में आया तूफान, टीम इंडिया फंसी



**बारबाडोस (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम बारबाडोस में ही अपनी शानदार जीत का जश्न मना रही है। टीम इंडिया की अभी देश वापसी संभव नहीं है क्योंकि बारबाडोस में तूफान बेरिल ने अपना कहर मचा रखा है। भारतीय खिलाड़ियों ने अभी तक अपनी फ्लाइट नहीं ली क्योंकि तूफान के कारण यह खतरनाक साबित हो सकती है। इसके अलावा तूफान के कारण उड़ान रद्द होने की भी खबरें हैं। भारतीय टीम के करीबी सूत्रों ने बताया कि रोहित की अगुवाई वाली टीम इस समय बारबाडोस में अपने होटल हिल्टन में रुकी हुई है। टीम को मूल रूप से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8ः30 बजे) बारबाडोस से प्रस्थान करना था, लेकिन अब आसन्न तूफान के कारण इसमें देरी हो रही है। उनका नियोजित मार्ग न्यूयॉर्क तक था, उसके बाद दुबई के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट और अंत में भारत वापस आना था।

इससे भी बुरी बात यह है कि हिल्टन, जहां भारत रह रहा है, तट के करीब है और संभवतः श्रेणी 3 के तूफान की चपेट में आने वाला है। अनुमान है कि तूफान रविवार आधी रात या सोमवार सुबह बारबाडोस से टकराएगा। बारबेडियन प्रधान मंत्री मिया मोटली ने घोषणा की कि ग्रांटली एडम्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तूफान की आशंका के कारण रविवार को रात के समय बंद हो जाएगा, जिससे किसी भी उड़ान को उतरने या उड़ान भरने से रोका जा सकेगा। हालांकि इस बिंदु पर यह अज्ञात है कि क्या वे उस उड़ान में सवार हो पाएंगे, लेकिन यदि वे भयानक मौसम में फंस गए, तो उन्हें 36 से 48 घंटों की अवधि के लिए बारबाडोस में फंसे रहना पड़ सकता है।

# आईसीसी टीम टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा सहित 6 भारतीय, विराट कोहली को जगह नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप की 'टूर्नामेंट की टीम' में छह भारतीयों को शामिल किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इसमें जगह नहीं मिली है। सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले कोहली फाइनल से पहले किसी मैच में नहीं चले। फाइनल में उन्होंने 59 गेंद में 76 रन बनाये। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता।

आईसीसी एकादश में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है। रोहित ने 156.7 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाये। उन्होंने अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाये। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और भारत के ट्रंप कार्ड जसप्रीत बुमराह ने 15 विकेट लिये।

उनका इकॉनॉमी रेट 4.17 था जो पुरुषों के टी20 विश्व कप में किसी एक सत्र में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ी फजलहक फारूकी, गुरबाज और कप्तान राशिद खान भी टीम में है। आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और वेस्टइंडीज के



निकोलस पूरन को भी टीम में जगह मिली है।उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का एक भी खिलाड़ी एकादश में नहीं है। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे 12वें खिलाड़ी हैं।

### आईसीसी टूर्नामेंट की टीम

रोहित शर्मा
सूर्यकुमार यादव
हार्दिक पंड्या
अक्षर पटेल
जसप्रीत बुमराह
अर्शदीप सिंह (भारत)
रहमानुल्लाह गुरबाज
राशिद खान
फजलहक फारूकी (अफगानिस्तान)
मार्कस स्टोइनिस (ऑस्ट्रेलिया)
निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज)
बारहवां खिलाड़ी - एनरिक नॉर्त्जे (दक्षिण अफ्रीका)

# दिनेश कार्तिक आरसीबी के बैटिंग कोच और मेंटर बने

## ● फ्रेंचाइजी ने ऐलान किया; डीके ने इसी साल क्रिकेट से लिया था संन्यास



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपना बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया है। इस बारे में एक सोशल मीडि?या पोस्ट में आरसीबी की ओर से जानकारी दी गई। कार्तिक ने क्रिकेट के हर फॉर्मेट के साथ इंडियन प्रीमि?यर लीग (आईपीएल) से संन्यास लेने का आधि?कारिक ऐलान इसी साल 1 जून को किया था। आरसीबी ने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे कीपर का हर मायने में स्वागत है, दिनेश कार्तिक, एक नए अवतार में आरसीबी में वापस। डीके आरसीबी मेंस टीम के बैटि?ग कोच और मेंटर होंगे। आप क्रिकेट से इस शख्स निकाल सकते हैं, लेकिन शख्स से क्रिकेट को नहीं। उन्हें ढेर सारा प्यार दें, 12वें मैन आर्मी।

**करियर में 2 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं** – दिनेश कार्तिक भारत के साथ 2 आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके है। इसमें 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है। कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। कार्तिक ने आईसीसी ट्रॉफी के साथ ही साल 2010 और 2018 में भारत के साथ एशिया कप भी जीता है।

# कौन होगा भारत का अगला टी-20 कप्तान

## पंड्या की दावेदारी सबसे मजबूत; पंत, सूर्या और बुमराह भी रेस में

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता...चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हैं। अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा...क्या वह फाइनल चेंजिंग कैच पकड़ने वाले सूर्यकुमार यादव होंगे। खतरनाक साबित हो रहे क्लासन और मिलर को पवेलियन भेजने वाले हार्दिक पंड्या होंगे, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह या फिर मौत को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले मिरेकल मैन ऋषभ पंत होंगे।

**हार्दिक पंड्या** – हार्दिक पंड्या कप्तान बनने के दावेदारों की रेस में सबसे आगे हैं। उनके पास टी-20 इंटरनेशनल में 100 मैचों का अनुभव है, जो अन्य किसी दावेदार के पास नहीं है। पंड्या ने 16 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत की कप्तानी की है, इनमें से टीम ने 10 मुकाबले जीते।

**ऋषभ पंत** – जीत का जबर्दस्त जज्बा पंत को भारतीय कप्तानों की रेस का दावेदार बनाता है। वे आज से 18 महीने पहले अस्पताल में थे और जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे, उनका कार एक्सीडेंट हुआ था। तब किसी ने नहीं सोचा था कि पंत भारत की टी-20 वर्ल्ड कप विनिंग



टीम का हिस्सा होंगे।26 साल के इस युवा ने अपनी मेहनत के दम पर महज डेढ़ साल में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 42 रन की पारी खेलकर भारत को 119 के स्कोर तक पहुंचाया था।ऋषभ टी-20 इंटरनेशनल में 74 मैच खेल चुके हैं और 1158 रन बनाए हैं। उन्होंने 5 मैचों में भारत की कप्तान की और दो जीते। एक बेनतीजा रहा।

**सूर्यकुमार यादव** – सूर्यकुमार यादव अपने दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया का कैप्टन बनने की दावेदारी ठोंक रहे हैं। 68 मैचों में 167.74 के स्ट्राइक रेट से 2340 रन बना चुके हैं। वे अपनी कप्तानी में एक सेंचुरी जमा चुके हैं। सूर्या की कप्तानी में भारत ने 7 में से 5 मैच जीते हैं। सूर्या अपनी कप्तानी में 164.83 की स्ट्राइक रेट से 300 रन बना चुके हैं।

**जसप्रीत बुमराह** – जसप्रीत बुमराह, भारतीय टीम में तुरुप का इक्का। 70 मैचों में 89 विकेट ले चुके हैं। इनके नाम कई रिकॉर्ड हैं, लेकिन सिर्फ 2 मुकाबलों में ही भारतीय टीम की कप्तानी की है और दोनों ही मुकाबले जीते हैं। बुमराह अपनी कप्तानी में खेले 2 मुकाबलों में 4 विकेट ही ले सके हैं। फिलहाल, रोहित अगले साल होने जा रही चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। पूरी तरह संभव है कि 37 साल के रोहित शर्मा का बतौर भारतीय कप्तान और प्लेयर यह आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट हो।

# भारतीय महिला टीम ए श्रृंखला खेलने जाएगी ऑस्ट्रेलिया



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमें अगले महीने क्वींसलैंड में ए श्रृंखला खेलेंगी जिसे बांग्लादेश में साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है। इस दौरे पर ब्रिसबेन में तीन टी20 मैच, मैके में तीन वनडे मैच और गोल्ड कोस्ट में चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### कार्यक्रम

**पहला टी20** – 07 अगस्त
**दूसरा टी20** – 09 अगस्त
**तीसरा टी20** – 11 अगस्त
**पहला वनडे** – 14 अगस्त
**दूसरा वनडे** – 16 अगस्त
**तीसरा वनडे** – 18 अगस्त
**चार दिवसीय मैच** – 22 से 25 अगस्त

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कार्यक्रम का ऐलान किया। ऑस्ट्रेलियाई उप-कप्तान ताहलिया मैकग्रा 20 और 50 ओवरों की टीम की कप्तान होंगी जबकि चार्ली नॉट चार दिवसीय मैच में कमान संभालेंगी।

**ऑस्ट्रेलिया ए टीम** – टी20 टीम - ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मैडी डार्के, सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस, मेगान शट, कर्टनी सिप्पेल, टायला वी, ताहलिया विल्सन।

वनडे टीम -ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मेटलान ब्राउन, मैडी डार्के ,सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस, मेगान शट, कर्टनी सिप्पेल, टायला वी, ताहलिया विल्सन।

चार दिवसीय टीम - चार्ली नॉट (कप्तान), मेटलान ब्राउन, मैडी डार्के, सोफी डे, एम्मा डे ब्रूग, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, कैटी मैक, लिली मिल्स, ग्रेस पार्सोंस, केट पीटरसन, कर्टनी सिप्पेल, जॉर्जिया वोल।

## उसके जैसा कप्तान नहीं देखा- मोहम्मद कैफ

# युवराज सिंह ने की रोहित को कहा नंबर एक कप्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 37 वर्षीय रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया ने बारबाडोस में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। बीते साल हुए वनडे विश्व कप में भी टीम इंडिया रोहित के नेतृत्व में बिल्कुल बैलेंस टीम थी लेकिन एक खराब दिन ने टीम इंडिया को वनडे विश्व कप से दूर कर दिया था। इसी तरह कुछ पिछले जून में हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सामने भी हुआ। रोहित ने हार नहीं मानी और टी20 विश्व कप 2024 में कप्तानी की और टीम इंडिया को जीत दिला दी। इससे भारतीय टीम का आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म हुआ। यह भारत की दूसरी टी20 विश्व कप जीत है। इससे पहले 2007 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने विश्व कप जीता था।

भारत की खिताबी जीत के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ ने टीम और कप्तान रोहित की तारीफ की। युवराज ने रोहित को नंबर 1 कप्तान बताया, जबकि कैफ ने न केवल उनकी कप्तानी के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट में उनके मैन-मैनेजमेंट और बल्लेबाजी के लिए भी रोहित की सराहना की।



कैफ ने युवराज के साथ एक वीडियो संदेश में कहा- वह रो रहे थे। वह बहुत भावुक थे। उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, उन्हें खिताबी जीत दिलाई और साथ ही संन्यास भी ले लिया। रोहित शर्मा ने विश्व कप जीता है। उन्होंने टीम को बहुत अच्छे से संभाला है। वह एक अद्भुत कप्तान हैं। वह एक नेता हैं। आपको उनके जैसा व्यक्ति नहीं मिलेगा। उन्होंने हर खिलाड़ी का समर्थन किया। जब भारत 2023 विश्व कप फाइनल हार गया था दूसरी ओर, युवराज सिंह ने कहा कि मैं रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। रोहित जैसा बंदा नहीं देखा आज तक। वह एक शानदार कप्तान हैं। अंत में जब मैच गंभीर स्थिति में था, तो उन्होंने दायीं ओर से बुमराह को लाया क्षण और इसने खेल बदल दिया।

2011 विश्व कप विजेता स्टार युवराज ने कहा कि वहां से जीतना एक बड़ी उपलब्धि थी। मैं उस खिलाड़ी के लिए बहुत खुश हूं, कोच राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के लिए बहुत खुश हूं। कप्तान रोहित शर्मा, उस लड़के से प्यार। हिटमैन से प्यार, मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। युवराज ने बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि जस्सी जैसा कोई नहीं। वह अपनी गेंदबाजी से टूर्नामेंट में असाधारण थे। मैंने कभी भी बुमराह जैसा कोई नहीं देखा जिसके पास अपनी गेंदबाजी पर इतना नियंत्रण हो।

# जय शाह ने की पुष्टि, टीम इंडिया के नए मुख्य कोच श्रीलंका सीरीज से जुड़ेंगे

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे। टीम इंडिया को तीन मैचों की टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करना है जिसकी शुरुआत 27 जुलाई से होगी। टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती।

बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो लोगों



का साक्षात्कार लिया है और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंचने के बाद बीसीसीआई के सदस्य इसकी घोषणा करेंगे। बीसीसीआई सचिव ने पुष्टि की कि भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण टीम के अंतरिम कोच के रूप में जिम्बाब्वे जाएंगे। शाह के हवाले से कहा गया, कोच और चयनकर्ता दोनों की नियुक्तियां जल्द ही की जाएंगी। सीएसी ने साक्षात्कार लिया है और दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और मुंबई पहुंचने के बाद जो भी उन्होंने तय किया है, हम उसके अनुसार चलेंगे। वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे जा रहे हैं, लेकिन श्रीलंका सीरीज से एक नया कोच शामिल होगा। गौतम गंभीर का नाम इस भूमिका के लिए काफी जोड़ा जा रहा है, कई पूर्व क्रिकेटरों ने 2011 विश्व कप विजेता को भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सफल होने का समर्थन किया है।

# विराट-रोहित की रिटायरमेंट पर भावुक हुए पाकिस्तानी फैन, बोले- ऐसा संन्यास लिया जाता है

**कराची (एजेंसी)।** वसीम अकरम और जावेद मियांदाद जैसे पाकिस्तानी क्रिकेट के कई दिग्गजों ने हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में टीम की जीत के बाद संन्यास लेने का सही समय करार देते हुए भारतीय सितारों विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा की। भारत ने बारबाडोस में उतार-चढ़ाव भरे फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपना दूसरा टी20 विश्व खिताब जीता।

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज जहीर अब्बास ने कहा कि मैं हमेशा से रोहित की बल्लेबाजी का प्रशंसक रहा हूं और जब मैच टीवी पर आते हैं तो मैं उसे देखने की कोशिश करता हूं। कोहली की महानता सबके सामने है, उनके रिकॉर्ड खुद बोलते हैं, लेकिन रोहित के लिए मुझे खुशी है कि वह



अपने देश के लिए विश्व कप जीत सके। पाकिस्तान के महान बल्लेबाजों में से एक जावेद मियांदाद ने कहा कि दोनों दिग्गजों ने सही समय पर संन्यास लिया है।

मियांदाद ने कहा कि हम उन्हें अभी टेस्ट और 50 ओवर के क्रिकेट में देखेंगे लेकिन यह उनके करियर के लिए उपयुक्त है कि उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय को गौरवान्वित किया। महान तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों कठिन परिस्थितियों में भारत के लिए खड़े रहे और अपने देश के लिए मैच जीते। उन्होंने पूरे विश्व कप में जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की भी प्रशंसा की और कहा कि वह भारत के लिए बड़े मैच विजेता हैं।

राशिद लतीफ ने कहा कि भारत की सफलता की यह गाथा है कि टीम पिछले एक साल में आईसीसी प्रतियोगिताओं के तीन फाइनल में जगह बनाई। यह दर्शाता है कि उनका टीम प्रबंधन खिलाड़ियों के साथ तालमेल में है। उन्होंने कहा कि भारत ने आज जो हासिल किया है उसके लिए राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ को बहुत अधिक श्रेय देना चाहिए। उन्होंने भारतीय टीम और खिलाड़ियों का सही से मार्गदर्शन किया।

शाहिद अफरीदी ने कहा कि रोहित एक असाधारण कप्तान है और कोहली हमेशा बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते रहे है। उन्होंने कहा कि रोहित और कोहली दोनों ने भारत को विश्व कप खिताब दिलाने के बाद संन्यास लेकर सही काम किया है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### असम सरकार का बड़ा ऐक्शन- बलात्कार के आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

**ग्वालपाड़ा, एजेंसी।** असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के चलते 5 व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाए गए मकानों में बलात्कार और हत्या के 3 आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के सीनियर अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे। उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने पीटीआई को बताया कि उन्होंने जमीन से कब्जा हटाने के नोटिस का पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। दुधनोई परिक्षेत्र कार्यालय के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दिन में जिन 5 लोगों के घर गिराए गए, उनमें से तीन पर मई में 2 नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार करने और इसके बाद हुई झड़प में एक युवक की हत्या में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने दावा किया, इस कार्रवाई का मामले से कोई संबंध नहीं है। पुलिस की ओर से आपराधिक मामले की जांच की जा रही है। हमने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए ही यह अभियान चलाया था। हालांकि, स्थानीय लोगों ने दावा किया कि कथित अतिक्रमणकारियों को शनिवार को नोटिस दिया गया था, न कि 15 दिन पहले जैसा कि प्रशासन ने कहा था। भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में टिन की छत वाले कंक्रीट के घरों को गिराने के लिए बुलडोजर लगाए गए थे। परिवार के सदस्यों को घरों से अपना सामान निकालकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लादते हुए देखा गया और फिर वे इलाके से निकल गए। 3 मई को दो नाबालिग लड़कियों के साथ तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया था। इसके बाद, लड़कियों के गांव के लोगों और आरोपियों के बीच झड़प हो गई थी। झड़प में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और 17 मई को उसकी मौत हो गई थी। असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने शनिवार को पीड़ित युवक के घर गए थे और पत्रकारों से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

### लोकसभा उपाध्यक्ष पद के नाम पर अवधेश प्रसाद के नाम पर गठबंधन को कोई आपत्ति नहीं

**फैजाबाद, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर शिकस्त के बाद इंडिया गठबंधन उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। गठबंधन समाजवादी पार्टी से वरिष्ठ सांसद अवधेश प्रसाद पर दांव लगा सकता है। 78 वर्षीय अवधेश प्रसाद दलित समुदाय से आते हैं और फैजाबाद (अयोध्या) से जीतकर संसद पहुंचे हैं। अवधेश प्रसाद संसद में अक्सर राहुल गांधी के साथ पहली सीट पर बैठते हैं। सूत्रों का कहना है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उपाध्यक्ष पद को लेकर तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की है। ममता बनर्जी ने उपाध्यक्ष के लिए अवधेश प्रसाद का नाम सुझाया है। इंडिया गठबंधन में भी तृणमूल कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने का सुझाव दिया था। कई दलों ने इसका स्वागत किया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अवधेश प्रसाद के नाम पर पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में साफ है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस अवधेश प्रसाद को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने पर सहमति बन चुकी है। इंडिया गठबंधन के बाकी दलों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा जारी है। उपाध्यक्ष के चुनाव के वक्त गठबंधन उम्मीदवार घोषित करेगा। गठबंधन सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर संविधान बचाने की मुहिम को और मजबूत करना चाहता है। क्योंकि, लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में गठबंधन ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद के सुरेश को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। के सुरेश भी दलित समुदाय से आते हैं। ऐसे में अवधेश प्रसाद की उम्मीदवारी से दलित समुदाय में एक संदेश जाएगा। 79 साल के अवधेश प्रसाद मुलायम सिंह के भी करीबी माने जाते थे। एक सपा नेता ने कहा, यह सही समय है जब मुस्लिम और यादव से भी आगे बढ़ा जा सकता है। दलित समुदाय हमारी तरफ उम्मीदों से देख रहा है।

# अजित की एनसीपी के पिंपरी चिंचवड़ इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने शरद पवार के साथ जा सकते हैं

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में संभावित टूट की अटकलें हैं। कहा जा रहा है कि जल्द ही अजित गुट के कई नेता चाचा शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया है। राज्य में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अजित की अगुवाई वाली एनसीपी के पिंपरी चिंचवड़ इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने सीनियर पवार के साथ जा सकते हैं। खास बात है कि गव्हाने ने भोसारी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कहना है कि पार्टी भोसारी सीट एनसीपी को नहीं देगी।



गव्हाने के साथ-साथ 15 से ज्यादा पूर्व पार्षद भी एनसीपी (एसपी) का हिस्सा बन सकते हैं। खबरें हैं कि गव्हाने और पूर्व पार्षदों का एक समूह शनिवार के शरद पवार के पुणे स्थित आवास पर मिलने पहुंचा था। जबकि, गव्हाने ऐसी किसी मुलाकात से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह हाल ही में अजित से मिले थे और भोसारी सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है।

जब पूछा गया कि अगर अजित की तरफ से उन्हें ग्रीन सिग्नल नहीं मिलता है, तो क्या वह पार्टी छोड़ देंगे। इसपर उन्होंने अंग्रेजी अखबार को बताया, अब तक मेरे नेता ने रेड सिग्नल नहीं दिखाया है। ऐसे में अभी मैं इसपर कोई कमेंट नहीं करना चाहता हूं। लेकिन एक बात साफ है कि मैं भोसारी सीट से चुनाव लड़ने का फैसला कर चुका हूं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि चुनाव के लिए ज्यादा समय नहीं बचे होने के चलते गव्हाने जल्द ही एनसीपी छोड़ देंगे। हालांकि, एनसीपी गव्हाने और या किसी पूर्व पार्षद के पार्टी छोड़ने की बात से इनकार कर रही है।

**भोसारी सीटः** इस सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा के महेश लांडगे चुनाव जीत रहे हैं। खास बात है कि गव्हाने और लांडगे रिश्तेदार ही है, लेकिन गव्हाने ने लांडगे के भाई को भोसारी से ही 2017 में निकाय चुनाव में मात दी थी। अखबार से बातचीत में भाजपा नेता और पूर्व पार्षद सीमा सावले का कहना है, मुझे नहीं लगता कि भाजपा एनसीपी के लिए भोसारी सीट छोड़ेगी।

उन्होंने कहा, महेश लांडगे की लोकप्रियता को देखते हुए भोसारी एक सुरक्षित सीट है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में भोसारी सीट ही थी, जहां से भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन के उम्मीदवार शिवाजी राव अधलराव-पाटिल आगे चल रहे थे। जबकि, अन्य सभी सीटों पर वह एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार से पीछे थे।

## प्रभु श्रीराम सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य दें; अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सीएम योगी की बधाई

**लखनउ, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए हैं। अखिलेश को बधाइयों का तांता लगा है। इनमें एक खास बधाई संदेश आया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बधाई संदेश में एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सोमवार को लखनऊ में कई कार्यक्रम हुए। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन कर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने के साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

सपा कार्यालय पर लगे भावी प्रधानमंत्री वाले पोस्टर

जन्मदिन के मौके पर सपा के लखनऊ स्थित मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर चर्चा में हैं। इनमें से कई पोस्टरों में अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री बताया गया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने केक काटा, पौधरोपण किया और जश्न मनाया।



## गरीबों को शिक्षा से दिखा रहे नई राह, पहाड़ों पर पहुंचा आधुनिक पुस्तकालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डॉक्टर सिर्फ मरीजों का इलाज ही नहीं बल्कि समाज में एक बदलाव के लिए अपना मूल्यवान योगदान दे रहे हैं। ड्यूटी के साथ गरीब बच्चों की पढ़ाई भी हो सके।

सफेद गाउन में डॉक्टर अक्सर मरीज का इलाज करते दिखाई पड़ते हैं, लेकिन कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं जो अस्पताल में रोगी का इलाज करने के साथ-साथ समाज में बदलाव के प्रयास कर रहे हैं। ये ड्यूटी के साथ गरीब बच्चों को पढ़ाने, उनके लिए सुविधाओं को विकसित करने, कैंसर से बचाने के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। सालों से चल रहे प्रयास के कारण समाज में बदलाव भी आने लगा है। दूसरे डॉक्टर व अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर साथ हो रहे हैं।

कभी माता-पिता के साथ बिंदी बनाने का काम किया करते थे। अब कॅरिअर की नई राह परिवार की गरीबी दूर करने का इंतजार कर रही है। नंद नगरी के जेजे क्लस्टर बस्ती में रहने वाले इन गरीब बच्चों के लिए स्वामी दयानंद अस्पताल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार आशा की किरण बनकर सामने आए।

## नए कानूनों को लेकर क्या बोले मंत्री सौरभ भारद्वाज दिल्ली पुलिस आयुक्त ने बताया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में एक जुलाई 2024 यानी सोमवार से नई आपराधिक न्याय प्रणाली लागू हो गई है। अंग्रेजों के जमाने के कानूनों की जगह भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के दौरान इसे अत्याधुनिक बनाने का फैसला किया गया।

इसके लिए 2022 में इन अलग-अलग प्लेटफॉर्म को एक साथ जोड़ने के लिए कैबिनेट ने 3375 करोड़ रुपये आवंटित किये। दो साल में यह काम काफी हद तक पूरा हो गया है।

वहीं नए आपराधिक कानूनों पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि मेरा मानना है कि कानूनों में कोई खामी नहीं है। खामियां उनके क्रियान्वयन में हैं, जांच एजेंसियों में हैं, पुलिस उन कानूनों पर कार्रवाई नहीं करती। मुझे लगता है कि नए कानूनों के कारण आने वाले कई सालों तक बहुत भ्रम की स्थिति बनी रहेगी।

भारद्वाज ने कहा कि एक आम नागरिक जिसने बड़ी मुश्किल से कुछ कानूनों को समझा है, उसे अपना केस दर्ज करवाने में, उन धाराओं के तहत केस दर्ज करवाने में दिक्कत आएगी।

# बिहार की तरह आंध्र प्रदेश भी उठाएगा विशेष राज्य के दर्जे की मांग

**अमरावती, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी इस डिमांड को पूरा करने के लिए कोई रास्ता निकालेगी। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में किंजरापु ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से टीडीपी के संबंधों समेत दूसरे मुद्दों पर भी बातचीत की। इस दौरान किंजरापु से विभाजित आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के मुद्दे पर सवाल पूछा गया। इसे लेकर उन्होंने कहा, राज्य को फलने-फूलने के लिए कुछ दूसरे मुद्दे भी अहम हैं। अगर आप एक ही चीज पर जोर देंगे, तो यह दूसरी मांगों को छोटा दिखाना होगा। मैं नहीं चाहता कि ऐसा कुछ हो। मेरे लिए तो रेलवे जोन अधिक जरूरी है क्योंकि मैं उत्तरी आंध्र क्षेत्र से आता हूं।



राम मोहन नायडू किंजरापु श्रीकाकुलम सीट से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। एचटी से बातचीत में उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं है। हम इसे लेकर अमरावती की मांग कर रहे हैं। यह अहम है और मुझे उस पर भी जोर देना है। हमारा फोकस पोलावरम पर भी है जो नेशनल प्रोजेक्ट है। बीते 5 बरसों में इसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। मगर, जब आप कोई एक ही मुद्दा उठाते हैं, तो वह काफी हद तक राजनीतिक हो जाता है।

**विशेष राज्य का दर्जा मिलना कितना अहम :** टीडीपी नेता से पूछा गया कि आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा मिलना कितना अहम है इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, राज्य के विभाजन के शुरुआती 5 बरसों में हमें एनडीए सरकार से कुछ समर्थन मिला। हमारे पास चंद्रबाबू नायडू की लीडरशिप थी। हम राज्य को विकास के रास्ते पर लेकर गए। हमें ऐसा लगा कि अगर एनडीए से और अधिक समर्थन मिलता तो हम ज्यादा सफलता हासिल कर सकते थे। किंजरापु ने कहा कि 2019 का चुनाव हम हार गए और जगन मोहन रेड्डी सत्ता में आए। 5 साल तक उन्होंने राज्य के लोगों को धोखे में रखा। जगन ने अपना संविधान और सड़कें बनाईं। उन्होंने राज्य को तो अपना बैंक खाता ही बना लिया था। वह लगातार अपनी मनमानी करते रहे। इसीलिए टीडीपी ने गठबंधन सहयोगियों (भाजपा और जन सेना) के साथ मिलकर जगन रेड्डी की वाईएसआरसीपी को हरा दिया।

# संपत्ति विवाद में महिला और बेटी को कमरे में बंद किया, फिर दीवार बनाकर कर बाहर आने का रास्ता किया सील

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के हैदराबाद में एक बहुत ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। संपत्ति विवाद मामले में एक महिला और उसकी बेटी को उसके परिजनों ने पहले एक कमरे में कैद कर लिया और फिर उस कमरे के बाहर दीवार बनाकर उसे पूरी तरह से सील कर दिया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को बचा लिया।

यह घटना लतीफाबाद नंबर-5 इलाके की है, जहां पुलिस और कुछ पड़ोसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दीवार को तोड़कर पीड़ितों को बचाया। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके जीजा अपने बेटों के साथ मिलकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया था। बाद में उन लोगों ने कमरे को बाहर से एक दीवार बनाकर हमेशा के लिए बंद कर दिया। आरोपी की पहचान सुहैल के तौर पर की गई है।

महिला ने सुहैल पर लगातार उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। इसके अलावा उसने बताया कि आरोपी के उसके घर से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी है। कानून प्रवर्तन ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया।




उन्होंने जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन भी दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. फारुख लिंजर ने जनता को आश्वासन दिया कि ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम देने वालों कोजवाबदेह ठहराने के लिए कानूनी कार्रवाई चल रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पेशावर के चमकानी इलाके में संपत्ति विवाद के कारण दो गुटों के बीच गोलीबारी हो गई, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा तब भड़की जब दोनों गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हुई। पुलिस ने इस मामले पर एफआईआर दर्ज किया। पाकिस्तान में व्यक्तिगत दुश्मनी और संपत्ति विवाद की ऐसी घटनाएं पहले भी घट चुकी है।

## चीनी रॉकेट तियानलोंग-3 परीक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त, लॉन्च होने के बाद गोंगयी शहर में जा गिरा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी रॉकेट तियानलोंग-3 रविवार को जमीनी परीक्षण के दौरान लॉन्च होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रॉकेट लॉन्च करने वाली कंपनी स्पेस पायनियर ने अपने बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना तब हुई जब तियानलोंग-3 रॉकेट का पहला चरण संरचनात्मक विफलता के कारण अपने लॉन्च पैड से अलग हो गया। जिसके बाद रॉकेट मध्य चीन के गोंगयी शहर के एक पहाड़ी इलाके में जा गिरा। स्पेस पायनियर वाणिज्यिक रॉकेट क्षेत्र में काफी जानी मानी कंपनी है, जो कि तरल-प्रणोदक रॉकेटों बनाने में माहिर है। स्पेस पायनियर, जिसे बीजिंग तियानबिंग टेक्नोलॉजी के नाम से भी जाना जाता है। स्पेस पायनियर ने बयान जारी करते हुए बताया कि रॉकेट बॉडी और परीक्षण प्लेटफॉर्म के बीच कनेक्शन विफल हो गया था, जिससे पहले चरण का रॉकेट लॉन्च पैड से अलग हो गया। यह दुर्घटना चीन के चांगई-6 चंद्र मॉड्यूल के अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लौटने के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जहां इसने चंद्रमा के सुदूर हिस्से से पहली बार नमूने एकत्र किए थे। रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हुआ रॉकेट तियानलोंग-3 एक बड़ा तरल वाहक रॉकेट है। इसे चीन के सैटेलाइट इंटरनेट नेटवर्क के निर्माण में मदद के लिए बनाया गया था। 2023 में स्पेस पायनियर ने अपने तियानलोंग -2 रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया था सीएनएन के अनुसार अप्रैल 2023 में, स्पेस पायनियर ने अपने तियानलोंग -2 रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था, जो तरल वाहक रॉकेट को कक्षा में भेजने वाला चीन का पहला वाणिज्यिक लॉन्च ऑपरेटर बन गया था। स्पेस पायनियर का दावा है कि तियानलोंग -3 का प्रदर्शन स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के बराबर है, यह रॉकेट की पहली सफल उड़ान के बाद प्रति वर्ष 30 से अधिक बार रॉकेट लॉन्च करने में सक्षम होगा।

# नेपाल में मुस्लिमों ने हिन्दुओं के गांव का नाम बदल कर रख दिया 'इस्लाम नगर', हिंदू युवकों को भी पीटा

**काठमांडू, एजेंसी।**
नेपाल के रौतहट जिले में साम्प्रदायिक तनाव की घटना सामने आई है। यहां एक सप्ताह पहले मुस्लिमों ने एक गांव का नाम इस्लाम नगर रखकर इससे बोर्ड लगवा दिया। हिन्दुओं को इसका पता चला तो वे भड़क गए और इस बोर्ड को उखाड़ फेंका। इसके बाद मुस्लिमों ने हिन्दू समुदाय के कुछ युवाओं की पिटाई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना 23 जून की बताई जा रही है। मामला रौतहट जिले के गरुडा नगरपालिका वॉर्ड नंबर 6 का है। यहाँ के गाँव पोठियाही में सप्ताह भर पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक चौराहे पर इस्लाम नगर का बोर्ड लगा दिया। यह बोर्ड बाकायदा हरे रंग में रंगा गया था।

बोर्ड के ऊपर अरबी और उर्दू भाषा में कई शब्द लिख दिए गए थे। बोर्ड के ऊपर दोनों तरफ इस्लामी इबादतगाहों की तस्वीरें भी छाप दी गई थीं। यहाँ पर खड़े



होकर एक मुस्लिम बुजुर्ग ने एक सेल्फी भी ली थी, बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कहा जा रहा है कि स्थानीय मुस्लिम इस जगह को अपनी तरफ से इस्लाम नगर कह कर बुलाने भी लगे थे। घटना के दिन मौके पर पहुँचकर मुस्लिमों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। हिंदू पक्ष ने नेपाल प्रशासन पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। नेपाल के संगठन 'हिन्दू सम्राट सेना' के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि पोठियाही गाँव में मुस्लिमों के महज 10 घर हैं, जो कि गाँव की कुल आबादी का महज 4त्न है। इसके बावजूद इन्होंने पूरे पोठियाही गाँव के नाम को बदलने की साजिश रच डाली ।

23 जून को हिन्दू सम्राट सेना के सदस्यों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर इस्लाम नगर वाले इस बोर्ड को उखाड़ दिया। उन्होंने कहा कि उस दौरान मुस्लिम पक्ष के लोग खामोश रहे, लेकिन अंदर ही अंदर वो हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे थे। 25 जून की रात को तीन हिन्दू युवक चौराहे से गुजर रहे थे। इस दौरान उनको लगभग एक दर्जन मुस्लिमों ने घेर लिया और उन पर इस्लाम नगर वाला बोर्ड उखाड़ने का आरोप लगाकर पहले गंदी-गंदी गालियाँ दी गई और बाद में उनकी पिटाई कर दी । इस हमले में हिंदू समुदाय के युवक बुरी तरह घायल हो गए।

## कैंसर से लड़ाई के बीच किंग चार्ल्स की नई तस्वीर आई सामने, शाही सैन्य पोशाक में दिखे ब्रिटेन के राजा

**लंदन, एजेंसी।** कैंसर से जूझ रहे ब्रिटेन के किंग चार्ल्स की नई तस्वीर सामने आई है। ब्रिटेन के शाही परिवार ने यह तस्वीर जारी की है, जिसमें किंग चार्ल्स शाही सैन्य पोशाक में दिख रहे हैं। किंग चार्ल्स की यह तस्वीर सशस्त्र सेना दिवस के मौके पर जारी की गई है। तस्वीर में राजा को फील्ड मार्शल की आधिकारिक पोशाक में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें किंग चार्ल्स के पदक, तलवार भी दिख रही है।

**सशस्त्र सेना दिवस के मौके पर हुआ तस्वीर का विमोचनः** किंग चार्ल्स की इस तस्वीर का विमोचन रानी कैमिला ने सशस्त्र बलों के सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हुए किया। इस दौरान अपने वीडियो संदेश में रानी कैमिला ने सशस्त्र बलों को प्रेरणा, आश्वासन और गर्व स्त्रोत बताया। जून के अंतिम शनिवार को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना दिवस के अवसर पर सैन्य कर्मियों और सैन्य कर्मियों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। 2000 के दशक से सशस्त्र सेना दिवस मनाया जा रहा है। किंग चार्ल्स की जिस तस्वीर को जारी किया गया, उसे ह्यूगो बर्नांड द्वारा खींची गई। ह्यूगो बर्नांड शाही परिवार की तस्वीरें लेने के लिए जाने जाते हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129